ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष- 2, 2083 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 341 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
16 जून 2026 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
34.5 अधिकतम
21.6 न्यूनतम



Page- 7






## न्यूज विंडो

### आरएसएस के लोगों ने मुझ पर हमला किया: दीपके



**नागपुर, एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने आज आरोप लगाया कि जयपुर में उन पर हुए हमले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस के लोगों का हाथ था। उन्होंने कहा- 'जब भी कोई सरकार या उसकी विचारधारा के खिलाफ बोलता है, तो ऐसा ही होता है। इसमें कुछ नया नहीं है।' 15 जून को कॉकरोच जनता पार्टी ने जयपुर में प्रदर्शन किया था। इस दौरान भीड़ में शामिल युवकों ने दीपके को थप्पड़ मारे थे।अभी दीपके नागपुर में है। यहां 4 बजे संविधान चौक पर पार्टी का प्रदर्शन है।

### लखनऊ में ट्रेन में बम की सूचना से मचा हड़कंप



**लखनऊ।** कानपुर की तरफ से लखनऊ आ रही राप्ती सागर एक्सप्रेस में बम होने की अफवाह से आज ऐशबाग रेलवे स्टेशन पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं और ट्रेन को ऐशबाग स्टेशन पर रोक लिया गया।मौके पर रेलवे सुरक्षा बल , राजकीय रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने पूरी ट्रेन में सघन चेकिंग अभियान चलाया।इसके साथ ही बम निरोधक दस्ते को भी काम पर लगाया गया। गहन जांच-पड़ताल और बम निरोधक दस्ते की ओर से 'क्लियरेंस' (सब कुछ सुरक्षित होने की पुष्टि) मिलने के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

### कूटनीतिक तनाव: ढाका में भारतीय राजनयिक तलब

**ढाका, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच एक बार फिर कूटनीतिक विवाद गरमा गया है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के एक वरिष्ठ सलाहकार के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर हुए व्यवहार को लेकर बांग्लादेश सरकार ने कड़ा विरोध जताया है।अब इस मामले में ढाका में तैनात भारत के उप-उच्चायुक्त पवन बधे को देर रात बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय द्वारा तलब किया गया और औपचारिक रूप से अपनी नाराजगी दर्ज कराई गई। इसके साथ ही बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने इस घटना को 'अवांछित और दुर्भाग्यपूर्ण' बताया है। अधिकारियों के मुताबिक, बांग्लादेश सरकार के रणनीति सलाहकार जाहिद उर रहमान एक कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए नई दिल्ली आए थे। जैसे ही वह दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे, भारतीय अधिकारियों ने उन्हें वहीं रोक लिया। इसके बाद जाहिद उर रहमान को एयरपोर्ट पर ही रोककर कई घंटों तक पूछताछ की गई। लंबी पूछताछ के बाद ही उन्हें एयरपोर्ट से बाहर जाने और अपने काम पर आगे बढ़ने की इजाजत दी गई।

### आज का कार्टून




### तीन महीने बाद मंजिल की ओर बढ़ रहा है पहला भारतीय झंडे वाला जहाज

# खुल गई सप्लाई की राह बड़ी राहत ला रहा 'दिशा'

## 34 जहाजों के भी जल्द निकलने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान-अमेरिका तनाव के बीच होर्मुज स्ट्रेट में प्रभावित समुद्री आवाजाही अब धीरे-धीरे सामान्य होने के संकेत दे रही है। कतर से एलएनजी लेकर भारत आ रहा जहाज 'दिशा' होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। करीब तीन महीने से अधिक समय बाद किसी भारतीय ध्वज वाले एलएनजी जहाज का इस संवेदनशील समुद्री मार्ग से सुरक्षित निकलना सप्लाई चेन के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

'दिशा' में करीब 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी लदी है और इसके 18 जून तक गुजरात के दाहेज बंदरगाह पहुंचने की संभावना है। इस जहाज की सुरक्षित यात्रा से उन अन्य जहाजों के लिए भी रास्ता खुलने की उम्मीद बढ़ी है, जो फारस की खाड़ी क्षेत्र में फंसे हुए हैं। इनमें भारत के लिए जरूरी ऊर्जा संसाधनों और कृषि क्षेत्र से जुड़े सामानों की खेप शामिल है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, करीब 34 जहाज होर्मुज क्षेत्र में प्रभावित हुए हैं। इनमें से 16 जहाज उर्वरक लेकर आ रहे हैं, जिनमें 8 यूरिया, 4 डीएपी, 3 सल्फर और एक अमोनिया की खेप शामिल है। इसके अलावा करीब 15 जहाज कच्चा तेल, एलएनजी और एलपीजी जैसी ऊर्जा सामग्री लेकर आ रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, जहाजों की आवाजाही शुरू होना राहत की खबर है, लेकिन पेट्रोल, गैस या उर्वरकों की आपूर्ति तुरंत सामान्य हो जाएगी, ऐसा कहना जल्दबाजी होगी। कुछ ऊर्जा प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचने से उत्पादन और निर्यात व्यवस्था पर असर पड़ा है। पूरी क्षमता से आपूर्ति बहाल होने में समय लग सकता है। हालांकि, 'दिशा' की सुरक्षित यात्रा से समुद्री कंपनियों का भरोसा बढ़ सकता है और अन्य जहाज भी धीरे-धीरे अपनी यात्रा शुरू कर सकते हैं। इससे भारत के ऊर्जा और कृषि क्षेत्र के लिए दबाव कम होने की संभावना है। फिलहाल स्थिति पर नजर रखी जा रही है। आने वाले दिनों में अन्य जहाजों की सुरक्षित आवाजाही से ही सप्लाई में स्थायी सुधार का आकलन किया जा सकेगा।




### ट्रम्प बोले- ईरान को 300 मिलियन डॉलर भुगतान का दावा फर्जी



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है जिनमें कहा गया था कि अमेरिका इस शांति समझौते के बदले ईरान को 300 मिलियन डॉलर देगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा 'ईरान ने परमाणु हथियार न रखने पर सहमति जताई है! साथ ही, यह खबर कि अमेरिका ईरान को 300 मिलियन डॉलर दे रहा है, फर्जी खबर है, जिसे डेमोक्रेट्स ने फैलाया है। ट्रम्प ने साफ किया कि उनकी सरकार ने यह पक्का कर लिया है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित न कर पाए। यह नया समझौता भविष्य के रिश्तों के लिए एक रास्ता तैयार करता है। इसके तहत ईरान पर लगे प्रतिबंधों को हटाना इस बात पर निर्भर करेगा कि वह परमाणु जांच में कितना सहयोग करता है। साथ ही ईरान को क्षेत्रीय सुरक्षा के वादे भी पूरे करने होंगे। उधर, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उम्मीद जाहिर की है कि आगे चलकर इजराइल भी अमेरिका-ईरान पीस डील का हिस्सा बनेगा। वेंस के मुताबिक, जब इजराइल के लोग समझौते की असली शर्तों को जानेंगे तो वे इसका समर्थन करेंगे।

### नीट के री-एग्जाम से पहले बड़ा फैसला

## भारत में टेलीग्राम पर अस्थायी रोक, 22 जून तक पाबंदियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का फैसला किया है। नीट 2026 की पुनर्परीक्षा के चलते सरकार ने यह कदम उठाया है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा से पहले केंद्र सरकार द्वारा मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के फैसले का स्वागत किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने निर्देश जारी कर भारत में टेलीग्राम की सेवाओं पर 22 जून 2026 तक अस्थायी रोक लगाने को कहा है। एनटीए का मानना है कि परीक्षा से जुड़े प्रश्नपत्रों, अफवाहों, फर्जी सूचनाओं के प्रसार को रोकने में यह फैसला मददगार साबित होगा। एजेंसी ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### वायुसेना कर्मचारी की पत्नी से रेप व धर्मांतरण का आरोप, दो गिरफ्तार, मौलवी फरार

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नागपुर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एयर फोर्स के एक कर्मचारी की पत्नी ने अपने पुराने क्लासमेट और उसके साथियों पर रेप, ब्लैकमेल, काला जादू और जबरदस्ती धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि धर्म परिवर्तन में शामिल बताए जा रहे एक मौलाना का पता लगाने के लिए एक टीम मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा भेजी गई है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान अयाज मदारे और उसके साथी अमीन शेख के तौर पर हुई है।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

## अब बिना प्रिस्क्रिप्शन नहीं मिलेगा कोई भी कफ सिरप



**नई दिल्ली।** भारत में धड़ल्ले से बिकने वाले कफ सिरप को लेकर अब सरकार सख्त हो चुकी है। हाल ही में जिस तरह से कफ सिरप में मिलावट, बिना डॉक्टर की सलाह के बिक्री और कई घपलों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी की है, जिसके अनुसार अब सभी तरह के सिरप, जिनमें खांसी के सिरप भी शामिल हैं उन्हें आप बिना डॉक्टर की सलाह के नहीं खरीद सकते। इन सिरपों को खरीदने के लिए डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन दिखाना जरूरी होगा।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्कुछ दवाओं से संबंधित नियमों में बदलाव किया है। इस संशोधन के तहत सिरप शब्द को सूची से हटाया गया है। ये नया नियम ड्रग्स (पांचवां संशोधन) नियम, 2026 कहा जाएगा। इस नए नियम के बाद बिना लाइसेंस या पर्चे के सिरप बेचने पर सख्त कार्रवाई होगी। ऐसे दवा विक्रेताओं का लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा। सरकार की ओर से ये फैसला ओवर द काउंटर मिलने वाले सिरप से होने वाले नुकसानों और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। कुछ समय के बाद इस फैसले की समीक्षा और मॉनिटरिंग की जाएगी।

### एमपी के दो टीआई समेत 100 लोगों पर राजस्थान में एफआईआर दर्ज

**आगर मालवा, एजेंसी।** राजस्थान में मध्य प्रदेश के दो थाना प्रभारियों समेत 100 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामला जनवरी 2026 में राजस्थान के झालावाड़ जिले के डग थाना क्षेत्र के घाटाखेड़ी गांव में हुई एनडीपीएस कार्रवाई से जुड़ा है। चौमहला कोर्ट के 13 जून को दिए आदेश पर डग थाने में सोमवार को आगर कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, बड़ौद थाना प्रभारी रूप सिंह, एसआई राखी गुर्जर, एएसआई अजय जाट समेत करीब 100 ज्ञात और अज्ञात लोगों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस ने कहा कि जांच में अन्य आरोपियों की पहचान भी की जाएगी। 21 जनवरी 2026 को आगर पुलिस ने फैजान नाम के युवक को 330 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने बताया था कि ड्रग्स घाटाखेड़ी के शाहिर, मुनव्वर और ताहिर से लाया था।

### अधिकारी बोले- कंट्रोल सिस्टम या इंजन में खराबी की आशंका

## कैलिफोर्निया में बी-52 बॉम्बर विमान क्रैश, 8 लोगों की मौत

कैलिफोर्निया. एजेंसी

अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर सुबह बी-52 बॉम्बर



दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार सभी 8 लोगों के मारे गए हैं। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, विमान नियमित परीक्षण उड़ान पर था। सुबह टेकऑफ के तुरंत बाद विमान नीचे गिरा और उसमें आग लग गई। मृतकों में वायुसेना के जवान और विमान परीक्षण से जुड़े विशेषज्ञ शामिल थे। फिलहाल दुर्घटना की वजह साफ नहीं है। अनुमान है कि विमान का कंट्रोल सिस्टम, इंजन या टेस्टिंग किए जा रहे किसी उपकरण में खराबी आई होगी।

अधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि क्या विमान में हथियार मौजूद थे। हादसे के बाद एयरफील्ड को बंद कर दिया गया है और आने वाले विमानों को दूसरे एयरबेस की ओर भेजा जा रहा है।

### मेट्रो एंकर

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा - कोर्ट में लड़कर दोनों अधिकारी अपना कॅरियर बर्बाद कर रही हैं

# रिटायर्ड जस्टिस सुलझाएंगे महिला अफसरों का सालों से चलता झगड़ा

नई दिल्ली. एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने रिटायर्ड जज जस्टिस कुरियन जोसेफ से आग्रह किया है कि वे आईएएस अफसर रोहिणी सिंदुरी और आईपीएस रूपा मुदगिल के बीच चल रहे लंबे कानूनी विवाद में बीच-बचाव करें और इसका कोई स्थायी समाधान निकालें। जस्टिस जोसेफ के सामने ये दोनों महिला अधिकारी जुलाई में पेश होंगी। आईएएस रोहिणी सिंदुरी और आईपीएस रूपा मुदगिल दोनों ही कर्नाटक कैडर की ऑल इंडिया सर्विसेज की अधिकारी हैं और पिछले तीन वर्षों से एक-दूसरे के खिलाफ मानहानि का मुकदमा लड़ रही हैं। दोनों के बीच इस झगड़े की शुरुआत 2023 में एक सार्वजनिक बहस से शुरू हुई थी।

सुप्रीम कोर्ट कीजस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव सचदेवा की बेंच ने दोनों वरिष्ठ महिला अधिकारियों के बीच चल रही कानूनी लड़ाई को लेकर कहा कि ये 'अपना ही कैरियर बर्बाद कर रही हैं।' बेंच ने दोनों अफसरों के वकीलों से कहा कि इनके बीच झगड़े का समाधान मध्यस्थता के माध्यम से निकालने की संभावना तलाशें। दोनों ही अधिकारियों के वकीलों ने अदालत के इस सुझाव को स्वीकार कर लिया।



आईएएस अफसर रोहिणी सुंदरी | आईपीएस अफसर रूपा मुदगिल

सुप्रीम कोर्ट ने दोनों अफसरों से जुलाई में जस्टिस (रिटायर्ड) जोसेफ के सामने पेश होने का निर्देश दिया है।इसके साथ ट्रायल कोर्ट में दोनों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ चल रहे मानहानि के मुकदमों की कार्यवाही पर भी रोक लगा दी गई है।

### एक-दूसरे के खिलाफ पहुंची थीं कोर्ट

बात 2023 के फरवरी की है। आईपीएस रूपा मुदगिल ने सोशल मीडिया पर आईएएस रोहिणी सिंदुरी के खिलाफ कई सारे पोस्ट डाले थे। इसमें उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने जैसे आरोप भी लगाए गए थे। ऐसी टिप्पणियां करने को लेकर रोहिणी उनके खिलाफ कोर्ट पहुंच गईं और उन्हें सफलता भी मिली। कोर्ट ने रूपा मुदगिल को इस तरह के पोस्ट करने से रोक दिया। आईपीएस रूपा इसे चुनौती देते हुए कर्नाटक हाई कोर्ट पहुंचीं, लेकिन उनकी याचिका खारिज कर दी गई। फिर सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई। अब सर्वोच्च अदालत ने दोनों अफसरों को आपसी मतभेद सुलझाने को कहा है।

# रायसेन रोड बायपास पर हटाए गए बैरिकेड दे रहे हादसों का न्योता







**भोपाल।** रायसेन रोड स्थित बायपास मार्ग पर सुरक्षा के लिए लगाए गए बैरिकेड लोगों द्वारा हटाकर अवैध रास्ता बना लिया गया है। यह रास्ता अब आम नागरिकों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है, लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन इस ओर कोई ठोस कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार बायपास पर यातायात को व्यवस्थित रखने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बैरिकेड लगाए गए थे, लेकिन कुछ लोगों ने अपनी सुविधा के लिए इन्हें हटाकर बीच सड़क से आवागमन का रास्ता तैयार कर लिया। इस अवैध कट से दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहन अचानक सड़क पर प्रवेश कर रहे हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों के बीच इस तरह का अनाधिकृत रास्ता किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। कई बार वाहन चालक अचानक सामने आने वाले वाहनों को बचाने के प्रयास में संतुलन खो देते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति बन जाती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन और यातायात विभाग द्वारा न तो बैरिकेड दोबारा लगाए जा रहे हैं और न ही अवैध रास्ते को बंद करने की कार्रवाई की जा रही है।

### लगभग तीन सप्ताह से बनी हुई है भारी कमी

# कैंसर दवाओं का संकट... सिस्प्लैटिन और कार्बोप्लैटिन की किल्लत, मरीज परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दो महत्वपूर्ण कीमोथेरेपी दवाएं सिस्प्लैटिन और कार्बोप्लैटिन इन दिनों भोपाल समेत देश के कई हिस्सों में मरीजों को नहीं मिल पा रही हैं। पिछले दो से तीन सप्ताह से इन दवाओं की भारी कमी बनी हुई है, जिससे कैंसर मरीजों और उनके परिजनों की चिंता बढ़ गई है।

ये दोनों दवाएं फेफड़ों, मुंह, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल), ओवरी, टेस्टिकुलर और सिर-गर्दन के कैंसर समेत कई प्रकार के कैंसर के इलाज में फर्स्ट लाइन थेरेपी के रूप में उपयोग की जाती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन दवाओं की कमी का सीधा असर मरीजों के इलाज पर पड़ सकता है।

## कच्चे माल की बढ़ती कीमत और प्राइस कैप बना संकट की वजह

जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के प्रबंध संचालक डॉ. किसलय शर्मा ने बताया कि इन दवाओं के निर्माण में प्लैटिनम का उपयोग होता है, जिसका कच्चा माल मुख्य रूप से विदेशों, विशेषकर चीन और अन्य देशों से आयात किया जाता है।



पिछले एक वर्ष में प्लैटिनम की कीमत लगभग 2,000 रुपये प्रति ग्राम से बढ़कर 5,000 रुपये प्रति ग्राम तक पहुंच गई है। इससे दवा निर्माण की लागत में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने इन दवाओं की कीमतों पर मूल्य सीमा (प्राइस कैप) तय कर रखी थी। ऐसे में उत्पादन लागत बढ़ने के बावजूद कंपनियां दवाओं की कीमत नहीं बढ़ा पा रही थीं। कई मामलों में कच्चे माल और निर्माण की लागत ही बाजार में निर्धारित अधिकतम कीमत से अधिक हो गई। नतीजतन कई कंपनियों ने उत्पादन कम कर दिया या अस्थायी रूप से बंद कर दिया। विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर प्लैटिनम की उपलब्धता में कमी, अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन में बाधाएं और पश्चिम एशिया में जारी तनाव ने भी स्थिति को और गंभीर बना दिया है। भारत प्लैटिनम के लिए आयात पर काफी हद तक निर्भर है, इसलिए वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव का सीधा असर दवा उद्योग पर पड़ रहा है।

### टालनी पड़ रही है कीमोथेरेपी

एम्स भोपाल के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. विनय कुमार ने बताया दवाओं की कमी से कुछ मरीजों की कीमोथेरेपी टालनी पड़ रही है, जबकि कुछ मामलों में डॉक्टरों को वैकल्पिक दवाओं का सहारा लेना पड़ रहा है। सरकारी अस्पतालों में स्थिति अधिक चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। ये दवाएं प्लैटिनम से बनती हैं जिसे सफेद सोना कहते हैं। इसके रेट में पिछले एक साल से उछाल देखा जा रहा था, लेकिन सरकार दवाओं की कीमत नहीं बढ़ा रही थी। इससे कंपनियों को दवाओं को बनाने के लिए उपयोग होने वाला कच्चा माल महंगा पड़ रहा था। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने 11 जून से सिस्प्लैटिन और कार्बोप्लैटिन की अधिकतम कीमतों में 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की अनुमति दी है। सरकार का मानना है कि इससे दवा कंपनियां दोबारा उत्पादन बढ़ा सकेंगी और बाजार में आपूर्ति सामान्य होने लगेगी।

### पटेल की सेवा निवृत्ति पर किया सम्मान

# अखंड रामायण पाठ और भंडारे का आयोजन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार पटेल की सेवानिवृत्ति पर भंडारा और अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने पटेल को शुभकामनाएं दीं। श्री पटेल 40 वर्ष की सुदीर्घ सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्हें मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिया जाने वाला एक लाख रुपए का देवीप्रसाद शर्मा पुरस्कार भी मिल चुका है। वे 35 करोड़ रुपए टर्नओवर वाली मंत्रालय साख सहकारी समिति के भी निर्वाचित अध्यक्ष रहे। इस अवसर पर बताया गया कि विंध्य क्षेत्र से जुड़ी अनेक संस्थाओं तथा कुर्मी क्षत्रिय समाज की संस्थाओं में भी श्री पटेल की सक्रिय भागीदारी रही है। भंडारे में नियमित-अनियमित,स्थायी-अस्थायी, मंत्री स्टाफ,स्थायीकर्मी,आउटसोर्स कर्मचारी,दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी,अटैचमेंट कर्मचारी पुलिस,बैंक,कैंटीन, पोस्टआफिस विद्युत-जल व्यवस्था, लिफ्ट और एसी का संचालन करने वाले कर्मचारी भी शामिल हुए।

## दीक्षांत समारोह में छात्रों को मिली उपाधियां

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ओंकार पीठम् सेवा संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क ज्योतिष प्रशिक्षण कार्यक्रम का 19वां दीक्षांत समारोह आरोग्य भारती सभागार, तुलसी नगर में आयोजित किया गया। समारोह में 25 से अधिक विद्यार्थियों को ज्योतिष की उपाधियां दी गईं। मुख्य अतिथि परशुराम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विष्णु राजौरिया ने कहा कि ज्योतिष जीवन को दिशा देने वाली महत्वपूर्ण विद्या है, जो व्यक्ति को सफलता और उन्नति की राह दिखा सकती है। उन्होंने कहा कि सच्चा ज्योतिषी वही है जो अध्ययनशील, विनम्र और सत्यनिष्ठ हो। ज्योतिष 'काल पुरुष का नेत्र' - मुख्य वक्ता स्वामी कृष्णप्रेमानंद गिरि ने ज्योतिष को 'काल पुरुष का नेत्र' बताया। उन्होंने कहा कि भाग्य व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक स्थिति से जुड़ा होता है और ज्योतिषी को फलादेश करते समय संवेदनशीलता और करुणा का भाव रखना चाहिए। उन्होंने ईश्वर के प्रति आस्था और सभी में दिव्यता देखने का संदेश दिया। संस्थान प्रमुख डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि ओंकार पीठम् वर्ष 1994 से निःशुल्क ज्योतिष प्रशिक्षण दे रहा है।

# काव्य गोष्ठी : विश्व संवाद केन्द्र में गूंजी पर्यावरण चेतना



**भोपाल.दोपहर मेट्रो।**

हिन्दी लेखिका संघ, मध्यप्रदेश द्वारा शिवाजी नगर स्थित विश्व संवाद केन्द्र के सभागार में 'पर्यावरण' विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 50 साहित्यकार बहनों ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शहर की कई प्रबुद्ध लेखिकाओं और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रकृति संरक्षण, घटते वन क्षेत्र और पर्यावरणीय असंतुलन जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कविताओं में यह संदेश प्रमुखता से उभरा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

जीवनशैली बदलाव पर जोर- संस्था की अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने साहित्यकारों से जनजागरण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया और सुझाव दिया कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी आयु के बराबर वृक्ष अगले दस वर्षों में लगाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं पर्यावरणविद् श्रीमती सीमा वर्मा ने कहा कि केवल विचार नहीं, बल्कि जीवनशैली में बदलाव से ही पर्यावरण संरक्षण संभव है। उन्होंने विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया।

**कवयित्रियों ने दी पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा:** कार्यक्रम में नीलिमा रंजन, मनोरमा श्रीवास्तव, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव, सुधा दुबे सहित अनेक कवयित्रियों ने पर्यावरण पर आधारित रचनाओं का पाठ किया। उनकी कविताओं में प्रकृति के प्रति संवेदना और पर्यावरण संकट की चिंता स्पष्ट रूप से झलक रही थी। कार्यक्रम का संचालन वंदना अतुल जोशी ने किया, सरस्वती वंदना कुसुम श्रीवास्तव ने प्रस्तुत की तथा आभार प्रदर्शन मृदुल त्यागी ने किया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने वृक्षारोपण और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने की शपथ ली। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पर्यावरणविद् श्री श्रीराम माहेश्वरी ने भारतीय संस्कृति में प्रकृति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वृक्ष और प्राकृतिक संसाधन मानव जीवन के आधार हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी श्री जगदीश चन्द्रा ने अपने अनुभव साझा किए और कविता 'अगर वृक्ष बोल पाता' का भावपूर्ण पाठ किया, जिससे पूरा सभागार भावविभोर हो उठा।

# राजाभोज एयरपोर्ट के स्थापना दिवस पर लोक नृत्य और भारतीय पंरपरा से सम्मान पाकर यात्री हुए खुश

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजाभोज एयरपोर्ट पर बाहर से आए यात्री उस समय गद्गद रह गए, जब टर्मिनल में आते ही लोक नृत्य के साथ भारतीय पंरपरा से उनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम राजाभोज एयरपोर्ट की 15 वीं स्थापना और पीएम मोदी के 12 साल पूरे होने यात्री सेवा दिवस के रूप में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा और विशिष्ट अतिथि महापौर मालती राय उपस्थित रही। इससे पहले एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों का स्वागत तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। अतिथियों और यात्रियों ने रंगारंग लोक नृत्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां को सराहा। इस मौके पर एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी समेत पूरा एयरपोर्ट



स्टॉफ मौजूद रहा। यात्री सुविधा दिवस कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा ने सहज काउंटर का उद्घाटन किया। इस काउंटर से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, गर्भवती महिलाओं तथा पहली बार यात्रा करने वालों को डिपार्चर तक निःशुल्क सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि भोपाल से देश के विभिन्न शहरों के लिए सीधी हवाई सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। जल्द ही भोपाल से पटना और बनारस के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू कराने के लिए शीघ्र प्रयास करेंगे, ताकि यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। कार्यक्रम को महापौर मालती राय ने भी संबोधित किया। सांसद ने विमानन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। अतिथियों का आभार निदेशक अवस्थी ने किया।

# जनसंवाद के जरिए संतनगर की नब्ज टटोलने पहुंचे सांसद और विधायक

**संतनगर, दोपहर मेट्रो।**

केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के अभियान के तहत सांसद आलोक शर्मा और विधायक रामेश्वर शर्मा ने संतनगर में प्रबुद्धजनों से संवाद किया। कार्यक्रम की शुरुआत बोरवन क्षेत्र में पौधारोपण से हुई, जहां 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, वरिष्ठ नागरिकों और प्रबुद्धजनों के निवास पर पहुंचकर उनसे सीधा संवाद किया। चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत बातचीत हुई। नागरिकों से योजनाओं के जमीनी प्रभाव और क्रियान्वयन को लेकर फीडबैक लिया। प्रबुद्धजनों ने योजनाओं को और अधिक पारदर्शी व सुलभ बनाने सुझाव भी दिए।
वहीं स्थानीय समस्याओं में सड़क, पेयजल, साफ-सफाई और ड्रेनेज



व्यवस्था जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। क्षेत्र के विकास के लिए जनभागीदारी बढ़ाने और दीर्घकालिक रोडमैप तैयार करने पर भी चर्चा हुई। सांसद आलोक शर्मा और विधायक रामेश्वर शर्मा ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनके सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा।

**मेट्रो एंकर**

### रुद्राक्ष किंगस्टन, बावड़िया कला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन

# देवकी नंदन बोले-रात में विवाह करने से बचें

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

'हमें अपने बच्चों का विवाह कभी भी रात्रि में नहीं करना चाहिए। रात्रि का समय दैत्यों का होता है। रात्रि के समय के विवाह दैत्य प्रणाली से होते हैं और दिन के विवाह देव प्रणाली से होते हैं।'

ये उद्गार प्रख्यात कथावाचक व धर्माचार्य देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने बावड़िया कला के रुद्राक्ष किंगस्टन परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यक्त किए। महाराज ने कहा कि कुछ लोग रात्रि में पूजा करने के लिए कहते हैं, जबकि विशेष रात्रियों को छोड़कर कभी भी रात्रि में पूजा नहीं करनी चाहिए। शिवरात्रि और नवरात्रि जैसे कुछ अवसरों पर ही रात्रि में पूजा का विधान है। आजकल भीड़ देखकर रात तक मंदिर खोले जा रहे हैं, जो उचित नहीं है। श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन महाराज ने कपिल-देवहूति संवाद, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाया। वामन अवतार के प्रसंग के



दौरान वामन भगवान की सुंदर जीवंत झांकी के दर्शन श्रद्धालुओं ने किए। कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने शालिग्राम-तुलसी जी का विधि-विधान से अर्चन-पूजन संपन्न कराया। कथा के आयोजक व यजमान शालिग्राम डेवलपर्स के सीएमडी देवेंद्र चौकसे ने सपत्नीक अनुष्ठान में हिस्सा लिया। बाद में परिवार के साथ भागवत जी की आरती में हिस्सा लिया। देवकीनंदन ठाकुर महाराज 16 जून की कथा में अपराह्न 3:30 बजे से श्रीराम जन्मोत्सव और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग सुनाएँगे। आयोजक देवेंद्र चौकसे, संगीता चौकसे, वीरेंद्र चौकसे, अनीता चौकसे और समस्त शालिग्राम परिवार ने श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होने का आग्रह किया है। कथा के दौरान भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि महाराज श्रीमद् भागवत कथा के साथ राष्ट्र कथा भी कह रहे हैं। वह देश के जागरण का भी काम कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहर के अधिक से अधिक लोगों को कथा सुनने का लाभ लेना चाहिए।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कला पंचांग 2026-27 का किया विमोचन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में वित्त वर्ष 2026-27 के कला पंचांग (सांस्कृतिक गतिविधि कैलेंडर) का विमोचन किया। यह पंचांग प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कलाओं एवं वर्षभर आयोजित होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों को सुव्यवस्थित रूप से जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बनेगा।

### 154 स्कूलों में कलेक्टर समेत कई अधिकारी पढ़ाने जाएंगे

# स्कूल चलें हम अभियान में मृत-रिटायर्ड अफसरों का नाम, जिम्मेदार बने अनजान

**इंदौर, दोपहर मेट्रो**

इंदौर में स्कूल चलें हम अभियान के तहत आज कलेक्टर शिवम वर्मा सहित कई अधिकारी सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने पहुंचे, लेकिन इस अभियान के लिए जारी सूची में प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

कलेक्टर कार्यालय से जारी 154 स्कूलों की सूची में ऐसे अधिकारियों के नाम भी शामिल कर दिए गए हैं, जिनका निधन हो चुका है या जो काफी पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सूची में एक साल पहले दिवंगत ड्रग इंस्पेक्टर अल्केश यादव और डेढ़ साल पहले रिटायर हो चुके डीके शर्मा का नाम भी शामिल है। लिस्ट में कलेक्टर शिवम वर्मा के हस्ताक्षर भी हैं। जारी की गई लिस्ट में करीब एक साल पहले दिवंगत हुए ड्रग इंस्पेक्टर अल्केश यादव का नाम शासकीय उन्नत मिडल स्कूल छोटा बांगडदा में जाकर बच्चों को पढ़ाने वाले अधिकारियों की सूची में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, हस्तशिल्प विभाग मैनेजर रहे डीके शर्मा का नाम शासकीय उर्दू मिडल स्कूल हाथिपाला के लिए सूची में दर्ज है, जो करीब डेढ़ वर्ष पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं।



### डीपीसी कार्यालय से तैयार होती है लिस्ट

जानकारी के अनुसार, यह सूची डीपीसी कार्यालय से तैयार होती है। यहीं से सूची तैयार होकर जिला प्रशासन कार्यालय तक जाती है। अभिभावकों ने बताया कि सूची की पुनः समीक्षा कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होना चाहिए, ताकि बच्चों के भविष्य से जुड़े इस महत्वपूर्ण अभियान की साख बनी रहे। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार 16 से 30 जून तक शासकीय स्कूलों में मंगलवार से स्कूल चले हम अभियान चलाया जा रहा है।

### न्यायिक या अर्द्धन्यायिक आदेश के बगैर प्रतिबंध वैध नहीं

# अवैध कालोनियों की रजिस्ट्री रोकने का कलेक्टरों को अधिकार नहीं, सरकार ने पावर पर चलाई कैंची

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अवैध कालोनी के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगाने वाले कलेक्टरों के अधिकारों पर शासन ने कैंची चलाई है। कलेक्टरों से कहा गया है कि अवैध कालोनी में रजिस्ट्री रोकने का निर्णय कलेक्टर नहीं ले सकते, उनकी जिम्मेदारी सिर्फ अवैध कालोनी अधिनियम में तय प्रावधानों के आधार पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई करने तक ही सीमित है। रजिस्ट्री पर बिना सक्षम अधिकारी और स्पष्ट न्यायिक और अर्द्धन्यायिक आदेश के बिना प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। इन स्थितियों के बगैर खरीदी बिक्री पर रोक संबंधी आदेश लीगली वैध नहीं है।

वाणिज्यिक कर विभाग ने कलेक्टरों से कहा है कि जहां तक रजिस्ट्री का प्रश्न है तो दस्तावेज का पंजीयन स्वत्व का प्रमाण नहीं बल्कि पक्षकारों के बीच लिखा पढ़ी के संबंध में मात्र सार्वजनिक साक्ष्य बनाता है। सभी संभागायुक्तों और कलेक्टरों को लिखे पत्र में कहा गया है कि जिला स्तर पर अवैध कालोनाइजेशन के आधार पर कुछ भूमि की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने के साथ उनसे संबंधित दस्तावेज की रजिस्ट्री पर प्रशासकीय रूप से या तो अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगाया गया है या अनापत्ति प्रमाण पत्र या अनुमति पत्र की जानकारी मांगी जा रही है।

प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर विभाग अमित राठौर ने यह पत्र जारी कर कहा है कि ऐसे आदेश या निर्देश के अवलोकन से यह भी साफ हुआ है कि इनमें से अधिकांश में प्रतिबंध के आधार स्वरूप किसी वैधानिक प्रावधान का उल्लेख नहीं रहता है तथा जिन मामले में अधिनियम या नियम का उल्लेख किया भी जाता है तो उनमें रजिस्ट्री पर रोक संबंधी कोई विशिष्ट प्रावधान नहीं होता है। कई प्रकरणों में पंजीयन अधिकारी पर पंजीयन से पहले वैध कालोनी के संबंध में जांच का भार भी डाला गया है, यह नियम विरुद्ध है।



### विभाग की जांच में यह तथ्य आए सामने

- विभाग द्वारा किए गए परीक्षण के बाद यह स्थिति पाई गई है।
- खरीदी-बिक्री और प्रॉपर्टी ट्रांसफर पर रोक के अलावा संबंधित प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री पर भी सीधे तौर पर रोक लगी है।
- रजिस्ट्री पर रोक का स्पष्ट उल्लेख न करते हुए सब रजिस्ट्रार या जिला रजिस्ट्रार को आदेश या निर्देश जारी किए गए हैं।
- रजिस्ट्री से पहले ऐसे निषेधात्मक आदेश या पत्र जारी करने वाले प्राधिकारी की अनुमति लेने की अपेक्षा की गई है।
- रजिस्ट्री से पूर्व वैध कालोनी के लिए सभी दस्तावेजों की नियमानुसार जांच की अपेक्षा सब रजिस्ट्रार से की गई है।

### कालोनी विकास नियम भी स्पष्ट नहीं होते

प्रमुख सचिव ने कहा है कि कई पत्रों में मध्यप्रदेश नगरपालिका कालोनी विकास नियम 2021 के नियम का उल्लेख कर रजिस्ट्री पूर्व अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की शर्त लगाई गई है। यह नियम तय तारीख के पूर्व अस्तित्व में आई अनधिकृत कालोनी के परिप्रेक्ष्य में है। इसलिए रजिस्ट्री पर प्रतिबंध नहीं लगा सकते। प्रमुख सचिव राठौर ने कहा है कि पंजीयन अधिनियम 1908 के अंतर्गत रजिस्टर्ड होने वाले दस्तावेजों के संबंध में स्थिति स्पष्ट है। इस अधिनियम को लेकर काम करने वाले पंजीयन अधिकारी के लिए पंजीयन पूर्व जांच में प्रावधान अधिनियम में व्यवस्था है। इसके अनुसार पंजीयन अधिकारी को रजिस्ट्री कराने वाले की पहचान तथा रजिस्ट्री की स्वीकृति प्राप्त करनी होती है। पंजीयन के लिए पेश किए जाने वाले दस्तावेज के साथ नियमानुसार अपेक्षित दस्तावजों के संबंध में मध्यप्रदेश पंजीयन नियम 1939 के नियम में प्रावधान किए गए हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने भी अवैध माना है** | सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस तरह के प्रतिबंधात्मक आदेश को अलग-अलग निर्णय में अवैध माना है। इन तथ्यों के आधार पर प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर अमित राठौर ने कहा है कि अवैधानिक रूप से विकसित की जा रही कालोनियों पर नगरीय आवास और विकास विभाग तथा पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अधिनियमों, नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जा सकती है। मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1956, मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 या अन्य किसी अधिनियम के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी या सक्षम न्यायालय द्वारा संपत्ति विशेष का स्पष्ट ब्यौरा देते हुए न्यायिक और अर्द्ध न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत ही आदेश जारी कर सकता है।

### मालिकाना हक का प्रमाण नहीं रजिस्ट्री

राठौर ने कहा है कि जहां तक रजिस्ट्री का प्रश्न है तो दस्तावेज का पंजीयन स्वत्व का प्रमाण नहीं होकर पक्षकारों के बीच संव्यवहार के संबंध में मात्र सार्वजनिक साक्ष्य बनाता है। इसलिए दस्तावेजों की रजिस्ट्री पर बिना सक्षम अधिकारता और स्पष्ट न्यायिक और अर्द्धन्यायिक आदेश के बिना प्रकरण के अधीन प्रतिबंध लगाया जाना या खरीदी बिक्री पर रोक संबंधी आदेश, निर्देश के पंजीयन अधिकारियों से पालन करना लीगली वैध नहीं है। राठौर ने कहा कि दस्तावेजों के पंजीयन पर कोई विधि विरुद्ध प्रतिबंध नहीं लगाए गए। अगर इस तरह के प्रतिबंध प्रभावशील हैं तो उन्हें तत्काल समाप्त किया जाए। कुछ प्राधिकारियों द्वारा सामान्य पत्राचार या बिना सक्षम प्राधिकारिता के अवैधानिक रूप से दस्तावेज की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगाया गया है तो न्यायसंगत नहीं है। ऐसे निर्देश या आदेश निष्फल मान्य किए जाएं। यह भी कहा गया है कि ये निर्देश नगरीय आवास और विकास विभाग तथा पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की सहमति से जारी किए जा रहे हैं।

### 3900 करोड़ का हाईवे, ब्रिज का बीच वाला हिस्सा धंसा

# भारतमाला प्रोजेक्ट में ठेकेदार ने 10एमएम के सरिए और 4 इंच कॉन्क्रीट से बना दी स्लैब

**खंडवा, दोपहर मेट्रो**

इंदौर से एदलाबाद तक बन रहे नेशनल हाईवे (भारतमाला परियोजना) पर खरगोन जिले के बासवां गांव के पास खिरकिया नदी पर नवनिर्मित ब्रिज धंस गया। यह ब्रिज करीब दो महीने पहले ही बनकर तैयार हुई थी और अभी इस पर ट्रैफिक भी शुरू नहीं हुआ है। ब्रिज की स्लैब धंसने से निर्माण की गुणवत्ता और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। हादसे के बाद ठेकेदार ने खामियां छिपाने के लिए धंसी हुई जगह पर बारदान बिछाकर मिट्टी डाल दी है।

ब्रिज कांक्रीट गिरने से स्लैब बाहर आ गई है और वहां एक बड़ा गड्ढा हो गया है। मौके पर उजागर हुई स्लैब की गुणवत्ता देखकर ग्रामीण और राहगीर हैरान हैं। ब्रिज की स्लैब बनाने में महज 10 एमएम मोटाई के सरिये का इस्तेमाल किया गया है, वह भी सिर्फ दो लेयर में। इसके अलावा कांक्रीट की मोटाई भी सिर्फ 4 इंच तक ही सीमित है। जानकारों के मुताबिक, इससे बेहतर और मजबूत स्लैब डिजाइन तो एक सामान्य घर की छत बनाने में उपयोग की जाती है। यदि हाईवे चालू हो जाता और कोई भारी वाहन यहां से गुजरता, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

203 किलोमीटर के निर्माण की कुल लागत 3900 करोड़ रुपए हैं। वहीं ब्रिज धंसने वाले धनगांव से बलवाड़ा प्रोजेक्ट के 40 किलोमीटर हाईवे की लागत 1001.69 करोड़ रुपए हैं। इसमें 12.75 किलोमीटर लंबा नर्मदा नदी पर बनने वाला ब्रिज भी शामिल हैं।



### खामी छिपाने के लिए डाले बारदाने और पत्थर

ब्रिज धंसने के बाद ठेकेदार के कर्मचारियों ने लापरवाही छिपाने की कोशिश की। स्लैब गिरने वाली जगह पर पहले बारदान (बोरियां) बिछाए गए, फिर उसके ऊपर मिट्टी डाल दी गई। इसके आसपास पत्थरों का ढेर लगाकर दोनों छोर पर बैरिकेड लगा दिए गए हैं, ताकि कोई वाहन हादसे का शिकार न हो। मामले की भनक लगते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और वीडियो बनाकर निर्माण में हुए भ्रष्टाचार को उजागर किया।

### कंपनी को जानकारी ही नहीं

यह प्रोजेक्ट पहले NHAI की इंदौर यूनिट के पास था। काम में लेटलतीफी के कारण इसी साल धनगांव से बलवाड़ा तक का हिस्सा खंडवा यूनिट को हैंडओवर किया गया है। जिस ब्रिज की छत धंसी है, वह इंदौर यूनिट के कार्यकाल में ही बनी थी। इसलिए अब खंडवा यूनिट के अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। वहीं, पेटी कांट्रैक्टर कंपनी केदारेश्वर और मुख्य निर्माण कंपनी जीएचवी इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर रुद्रा हजांगे ने इस गंभीर लापरवाही पर अनभिज्ञता जताते हुए कहा, ब्रिज की छत धंसने का मामला मेरे कार्य क्षेत्र में कहीं नहीं हुआ है।

### वरिष्ठों के खिलाफ अपराध में मप्र की स्थिति खराब

# देशभर में 31 हजार से अधिक मामले दर्ज, अकेले मप्र में हैं 5,875 केस

### आर्थिक ठगी, संपत्ति विवाद, चोरी और अकेले रहने वाले बुजुर्गों को बना रहे निशाना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

देश में बुजुर्गों की बढ़ती आबादी के साथ उनकी सुरक्षा और देखभाल बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'क्राइम इन इंडिया-2024' रिपोर्ट बताती है कि वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराध के मामलों में एक वर्ष में 16.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

चिंताजनक तथ्य यह है कि मध्य प्रदेश लगातार तीसरे वर्ष ऐसे अपराधों में देश में पहले स्थान पर बना हुआ है।रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में देशभर में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के खिलाफ 31 हजार से अधिक अपराध दर्ज किए गए। इनमें अकेले मध्य प्रदेश में 5,875 मामले सामने आए, जो देश में सर्वाधिक हैं। महाराष्ट्र 4,918 मामलों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि आर्थिक ठगी, संपत्ति विवाद, चोरी, मारपीट और अकेले रह रहे बुजुर्गों को निशाना बनाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। बदलती सामाजिक संरचना ने इस समस्या को और जटिल बनाया है। रोजगार और शिक्षा के लिए बच्चों के दूसरे शहरों या विदेशों में बस जाने से बड़ी संख्या में बुजुर्ग अकेले रह रहे हैं।

### अब प्रशिक्षित केयरगिवर बनेंगे सहारा

इसी आवश्यकता को देखते हुए इंदौर में बुजुर्ग देखभाल के लिए विशेष प्रशिक्षण की शुरुआत की गई है। यहां औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) में जेरियाट्रिक केयरगिवर पाठ्यक्रम शुरू हुआ है। जेरियाट्रिक केयरगिवर वह प्रशिक्षित व्यक्ति होता है जो वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य, दवा, दैनिक गतिविधियों और भावनात्मक जरूरतों का ध्यान रखता है। इस कोर्स में विद्यार्थियों को बुजुर्गों की शारीरिक, मानसिक और दैनिक जरूरतों की देखभाल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में दवा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन सहायता, मानसिक सहयोग और उम्रजनित बीमारियों की समझ जैसे विषय शामिल हैं।

### सुरक्षा व सम्मान के लिए हो विशेष व्यस्था

नीति आयोग की 'सीनियर केयर रिफार्म्स इन इंडिया' रिपोर्ट भी प्रशिक्षित जेरियाट्रिक केयरगिवर का बड़ा नेटवर्क तैयार करने की जरूरत पर जोर देती है। रिपोर्ट के अनुसार आने वाले वर्षों में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी और उनकी देखभाल के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन की मांग भी बढ़ेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि बुजुर्गों की सुरक्षा केवल पुलिसिंग का विषय नहीं है।

### क्रिस्प में आईटीआई प्रशिक्षकों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**भोपाल।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई कार्यक्रम के पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत सोमवार को सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस (क्रिस्प), भोपाल में हुई। कार्यक्रम में लगभग 40 आईटीआई प्रशिक्षकों को दो चरणों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इनमें मध्यप्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ के प्रशिक्षक भी शामिल हैं। पहले चरण में 15 से 19 जून तक 23 प्रशिक्षकों को मेकाट्रॉनिक्स विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि दूसरे चरण में 22 से 26 जून अन्य प्रशिक्षकों को इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन विषय पर प्रशिक्षित किया जाएगा। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रशिक्षकों को नवीनतम औद्योगिक तकनीकों एवं उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाना है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का कूनो दौरा

# सहरिया आदिवासी संस्कृति से रूबरू होंगी राष्ट्रपति, चीता सफारी की भी खास तैयारी

**ग्वालियर, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 22 जून को चीतों की धरती श्योपुर जिले स्थित कूनो नेशनल पार्क में आ रही हैं। राष्ट्रपति यहां सहरिया आदिवासियों की संस्कृति से रूबरू होंगी और उनसे चर्चा भी करेंगी। इसके अलावा कूनो नेशनल पार्क में दो नंबर बाड़ा और तीन-ए बाड़ा में तैयारियां जारी हैं क्योंकि यहां राष्ट्रपति को सफारी का अनुभव कराए जाने का प्रस्तावित है।



तीन-ए बाड़ा में यहां जन्मी चीता मुखी व उसके चार शावक चीते हैं। कूनो में जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं चार हैलीपेड तैयार किए जा चुके हैं और आदिवासियों को चिन्हित भी किया जा रहा है जिन्हें राष्ट्रपति से मिलवाया जाएगा। इसके अलावा चीता मित्र भी इस दौरान मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति 21 जून को ग्वालियर होकर कूनो पहुंच जाएंगी और रात्रि विश्राम यहीं कर 22 जून को यहां विजिट प्रस्तावित है।

### आदिवासियों को प्रशिक्षण भी मिलेगा

सहरिया आदिवासियों के गांवों की श्योपुर जिले में काफी संख्या है, इन आदिवासियों को पहले चीते को लेकर जागरूक भी किया जा चुका है और कई चीता मित्र की भूमिका भी निभा रहे हैं। ऐसे में कुछ आदिवासियों को चिन्हित कर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है क्योंकि राष्ट्रपति सहरिया आदिवासियों से चर्चा कर सकती हैं। वन विभाग की ओर से वन रक्षकों को भी चीता मित्रों से संपर्क करने के लिए निर्देश मिले हैं। जानकारी के अनुसार मादा चीता मुखी को सफारी के दौरान राष्ट्रपति को दिखाया जा सकता है क्योंकि यह पहली भारतीय मादा चीता है। दोनों बाड़ों में विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

**मेट्रो एंकर**

### इंदौर चिड़ियाघर में जल्द शुरू होगा 14-डी थिएटर

# वीआर ग्लास से मिलेगा असली रोमांच, जंगल सफारी होंगे आकर्षण

**इंदौर, दोपहर मेट्रो**

इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में 14-ष्ठ थिएटर तैयार होने की कगार पर है। अगले 15 से 20 दिन में इसकी शुरुआत हो सकती है। इसका काम करने वाले लोग इसकी बारिकियों और कमियों को दूर करने में लगे है। साथ ही ट्रायल लेकर सभी चीजें चेक की जा रही है, ताकि आगे कोई परेशानी ना आए। इस थिएटर में चाइना की टेक्नोलॉजी दर्शकों को देखने को मिलेगी। यहां दर्शकों को आभासी दुनिया में असली रोमांच महसूस होगा।

चिड़ियाघर प्रबंधन का दावा है कि यह देश का पहला जू है, जहां 14-डी थिएटर तैयार किया जा रहा है। इसे उस जमीन पर विकसित किया गया है, जो खाली पड़ी थी और उपयोग में नहीं आ रही थी। पिछले साल मार्च में यहां पीपीपी मोड पर काम शुरू किया गया था।

**बारीकियों-कमियों को कर रहे दूर-** चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव का कहना है कि संभवतः आगामी 15 से 20 दिन में इसे शुरू किया जा सकता है। इसे तैयार करने वाले लोग इसकी बारीकियों और कमियों को दूर करने में लगे हैं। साथ ही सभी चीजों का ट्रायल भी लिया जा रहा है, ताकि आगे कोई परेशानी ना आए। ये तैयार होने के बाद यहां आने वाले दर्शकों के लिए ये भी खास आकर्षण का केंद्र होगा।



### आभासी दुनिया का असली रोमांच


थिएटर में फिल्म दिखाए जाने के दौरान दर्शक वीआर (वर्चुअल रियलिटी) ग्लास पहनकर दृश्यों को अपने सामने घटित होता हुआ महसूस कर सकेंगे। वे वर्चुअल दुनिया को अपने आसपास सजीव रूप में अनुभव कर पाएंगे। स्क्रीन पर जो दृश्य दिखाई देगा, दर्शकों को ऐसा लगेगा मानो वे स्वयं उसका हिस्सा हों। उदाहरण के तौर पर, यदि स्क्रीन पर बादल गरजेंगे तो उसकी गड़गड़ाहट का अहसास होगा। बारिश के दृश्य के दौरान पानी की बौछारें महसूस होंगी और हवा चलने पर उसका प्रभाव भी दर्शकों तक पहुंचेगा। यदि किसी दृश्य में पहाड़ से नीचे उतरने का अनुभव दिखाया जाएगा तो सीटों की गतिविधियां भी उसी के अनुरूप होंगी। यानी स्क्रीन पर दिखने वाला हर दृश्य दर्शकों को वास्तविक अनुभव का एहसास कराएगा। इस थिएटर में 14 विशेष इफेक्ट्स एक साथ काम करेंगे, जिससे दर्शकों को रोमांचकारी अनुभव मिलेगा। 14-डी थिएटर के अलावा यहां होलोग्राम जू भी बनाया जाएगा, जहां हवा में विभिन्न जीव-जंतुओं की त्रिआयामी आकृतियां दिखाई देंगी। यह आकर्षण भी दर्शकों को खास अनुभव देगा। इसके अलावा परिसर में वॉटरफॉल, कैफेटेरिया, जंगल सफारी और भूलभुलैया जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

## भरोसे की कूटनीति

दुनिया एक बार फिर बदलाव के दौर से गुजर रही है। पुरानी वैश्विक व्यवस्थाएं अपनी सीमाओं से जूझ रही हैं और नए शक्ति केंद्र उभर रहे हैं। ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय संबंध केवल व्यापारिक समझौतों या राजनयिक औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रह जाते, बल्कि वे देशों की दूरदृष्टि, विश्वास और साझा भविष्य की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब बन जाते हैं। भारत और फ्रांस के बीच लगातार प्रगाढ़ होते संबंध इसी नई वैश्विक वास्तविकता की एक महत्वपूर्ण कहानी कह रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा को केवल एक नियमित विदेशी दौरे के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह उस साझेदारी का विस्तार है जिसने दशकों के उतार-चढ़ाव के बावजूद अपनी प्रासंगिकता बनाए रखी है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में मित्रता की असली परीक्षा संकट के समय होती है, और भारत-फ्रांस संबंध इस कसौटी पर बार-बार खरे उतरे हैं। जब कई देशों ने परिस्थितियों के दबाव में अपने रुख बदले, तब फ्रांस ने भारत के साथ संवाद और सहयोग की डोर को टूटने नहीं दिया। यही कारण है कि दोनों देशों के रिश्तों में औपचारिकता से अधिक विश्वास का तत्व दिखाई देता है। आज यह संबंध रक्षा और सुरक्षा सहयोग से कहीं आगे बढ़ चुका है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा और नवाचार जैसे क्षेत्रों में दोनों देश भविष्य की संभावनाओं को आकार देने की कोशिश कर रहे हैं। विशेष रूप से भारत की युवा शक्ति और फ्रांस की तकनीकी दक्षता का मेल आने वाले वर्षों में नई उपलब्धियों का आधार बन सकता है। भारत आज दुनिया के सबसे जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्रों में शामिल है। नवाचार और डिजिटल परिवर्तन की जिस लहर ने देश को नई पहचान दी है, उसने वैश्विक निवेशकों और तकनीकी संस्थानों का ध्यान भी आकर्षित किया है। दूसरी ओर, फ्रांस अनुसंधान, उच्च शिक्षा और तकनीकी उत्कृष्टता का एक स्थापित केंद्र है। ऐसे में दोनों देशों के बीच ज्ञान, पूंजी और प्रतिभा का आदान-प्रदान केवल आर्थिक लाभ का विषय नहीं, बल्कि भविष्य की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में साझा सफलता का सूत्र भी बन सकता है। वर्तमान विश्व व्यवस्था में जहां ध्रुवीकरण और संघर्ष की प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं, वहीं भारत और फ्रांस का संबंध संवाद, संतुलन और रणनीतिक स्वायत्तता की एक वैकल्पिक राह प्रस्तुत करता है।

# अनियंत्रित होती भीड़ ने बदल दी तीर्थ पर्यटन की मूल अवधारणा

प्रयाग पाण्डे
स्तंभकार



यूं तो विश्व में तीर्थाटन का इतिहास बहुत पुराना है। भारत में तीर्थ और पर्यटन का घनिष्ठ संबंध रहा है। यहां तीर्थाटन एवं धार्मिक पर्यटन की प्राचीन परंपरा है। प्राचीनकाल में पर्यटन की शुरुआत तीर्थाटन, व्यावसायिक एवं साहसिक यात्राओं से ही हुई थी। उस दौर में तीर्थयात्रा की भावना मन और विचारों की पवित्रता से जुड़ी थी। श्रद्धालु शांति की खोज, पापों के प्रायश्चित और निर्वाण के निमित्त तीर्थयात्रा करते थे। लोगों को तीर्थस्थलों में मानसिक शांति और आध्यात्मिक सुख की अनुभूति होती थी। तीर्थाटन को सांसारिक परेशानियों एवं चिंताओं से मुक्ति पाने का उपक्रम माना जाता था। तब तीर्थयात्राओं के लिए न्यूनतम सुविधाओं की आवश्यकता होती थी। तीर्थयात्रा साधना के समतुल्य मानी जाती थी। श्रद्धालु कठिनतम तीर्थ यात्रा करते थे। तब तीर्थयात्रा के संबंध में कहा जाता था- 'जितनी कठिन यात्रा, उतना ही उत्तम फल।'




आज के दौर में मानव जीवन में व्यापारीकरण और भौतिकवाद बढ़ता चला जा रहा है। विलासप्रियता के चलते अब तीर्थ एवं धार्मिक पर्यटन में भी आनंद एवं आराम की चाहत होने लगी है। जिसके कारण तीर्थाटन एवं धार्मिक पर्यटन का मूल आधार तेजी से बदल रहा है। आधुनिक युग में तीर्थ भी 'सर्वसुविधायुक्त आनंददायक यात्रा' हो गई है। धर्मस्थलों की यात्रा का प्रेरक तत्व धर्म से अधिक देखादेखी, मौजमस्ती और सैर-सपाटा हो गया है।

धर्म स्थलों में आस्था के नाम पर उमड़ने वाली अनियंत्रित भीड़ के कारण पारिस्थितिकी संतुलन गड़बड़ाने लगा है। वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। भीड़भाड़ और कोलाहलपूर्ण वातावरण से नाजुक पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है। स्थानीय संसाधनों में अत्यधिक दबाव पड़ने लगा है। आए दिन लगने वाले वाहनों के लंबे जाम के कारण स्थानीय निवासियों की दैनंदिन की गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित होने लगी हैं। आवागमन पर बुरा प्रभाव पड़ने लगा है। धर्म स्थलों की वहन क्षमता से कई गुना अधिक लोगों के आने से धर्म स्थलों की पचाने की क्षमता क्षीण होने लगी है।

यही हाल अनियंत्रित पर्यटन का है। इसने नैनीताल को हिलाकर रख दिया है।नैनीताल में इंसानों से अधिक दोपहिया और चौपहिया वाहनों का रेला उमड़ने लगा है। वाहनों की अनियंत्रित बेतहाशा भीड़ के चलते नगर की सांसें थम सी गई हैं। अपनी क्षमता से कई गुना अधिक बोझ ढो रही नगर की सभी सड़कें - गलियां दोपहिया और चौपहिया वाहनों से पट सी गई हैं।

वाहनों की भीड़ के चलते सामान्य आवागमन बाधित हो गया है। पैदल चलने को रास्ते नहीं बचे हैं। नगर का हरेक कोना और पैदल रास्ते गाड़ियों से पट गए हैं। नगर का कोई भी कोना यांत्रिक यातायात से निरापद नहीं है। दोपहिया- चौपहिया वाहनों की रेलमपेल में आम इंसान का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। हालात इस कदर खराब हो चुके हैं कि आम आदमी के लिए पैदल चलने की जगह ही नहीं बची है।


चकाचौंध कर देने वाले अल्पवधि के इस अनियंत्रित पर्यटन के कारण संवेदनशील एवं चैतन्य पर्यटकों का आगमन कम होने लगा है, जिससे टिकाऊ और लाभकारी पर्यटन प्रभावित हो रहा है। यह स्थापित सत्य है कि अनियंत्रित एवं अनियोजित पर्यटन से लाभ के बजाय हानि अधिक होती है। अल्पकालिक सैर-सपाटा पर्यटन से लाभ नहीं, बल्कि विशुद्ध हानि ही होती है।

ऐसे पर्यटन से भौतिक, पर्यावरणीय, सामाजिक एवं कानून- व्यवस्था की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। यदि उत्तराखंड में पर्यटन उद्योग को टिकाऊ, दीर्घजीवी और लाभकारी बनाना है तो पर्यटकों की संख्या पर अंकुश लगाना आवश्यक है, भले ही वह धार्मिक या तीर्थ पर्यटन ही क्यों न हो।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

# घरेलू महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता के लिए मदद की दरकार

डॉ. अंशुल उपाध्याय
स्तंभकार



देश में घरेलू महिलाओं को भी आर्थिक सबलता का अधिकार प्राप्त होना चाहिए। वह महिलाएं जो नौकरीपेशा नहीं हैं और घर पर रहकर ही अपने बच्चों और परिवार के पोषण के लिए अपना सारा समय लगा देती हैं। उनकी व्यक्तिगत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनके पति द्वारा कुछ धनराशि प्रति माह प्राप्त होनी ही चाहिए। इससे न केवल महिलाओं को सबलता मिलेगी बल्कि घरेलू हिंसा के मामलों में भी कमी आएगी। भारत में लगभग घरेलू दायरे में हिंसा को घरेलू हिंसा कहा जाता है। किसी महिला का शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, मौखिक, मनोवैज्ञानिक या यौन शोषण किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाना, जिसके साथ महिला के पारिवारिक सम्बन्ध हैं, घरेलू हिंसा में शामिल है। घरेलू हिंसा के विरुद्ध महिला संरक्षण अधिनियम की धारा-2005 में घरेलू हिंसा को परिभाषित किया गया है।



एक गैर सरकारी संस्था के मुताबिक, भारत में लगभग पांच करोड़ महिलाओं को अपने घर में ही हिंसा का सामना करना पड़ता है। इनमें से मात्र 0.1 प्रतिशत ही हिंसा के खिलाफ रिपोर्ट लिखाने आगे आती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की पुरानी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का प्रतिशत 31 प्रतिशत से 32 प्रतिशत के बीच है। 12 मई 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 92 फीसद महिलाएं बिना मेहनताना लिए घरेलू काम करती हैं। कुछ महिलाएं जो पढ़ी-लिखी हैं मगर नौकरीपेशा नहीं हैं उन्हें हर वक्त ये बात कचोटती तो अवश्य होगी की काश वो भी औरों की तरह अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए ही सही कुछ रुपये कमा सकतीं।

चूंकि शिक्षा का व्यक्ति के मानसिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। और मानसिक विकास हो जाने के बाद व्यक्ति अपना अच्छा-बुरा स्वयं समझ पाता है। ऐसे में किसी मानसिक रूप से विकसित महिला का घर पर रहना कई बार उसकी मजबूरी होती है। कई बार बच्चों के पालन हेतु तो कई बार ससुराल वालों की सहमति से। और मन में चल रहे द्वंद्व का सामना जब महिलाएं नहीं कर पातीं तो डिप्रेशन, हाई बीपी, मधुमेह जैसे रोगों का शिकार हो जाती हैं। इसलिए अगर महिलाओं को सबल बनाना है तो जरूरी नहीं परिवार के दायित्व के साथ उन्हें नौकरीपेशा होने को मजबूर किया जाए। इस समस्या का समाधान है- घरेलू महिलाओं को प्रति माह उनके पति द्वारा कुछ धनराशि का प्रदान किया जाना।

भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत से प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में जब हम भारत की महिलाओं को देखते हैं तब उनमें सशक्तिकरण केवल स्वयं रोजगार से जुड़ने पर नहीं आता अपितु उनके पास अगर कुछ मात्रा में धन रहे तो खुद ब खुद उस धन को किस तरह से अपने रोजमर्रा की आवश्यकताओं में खर्च करना है यह समझ महिलाओं में आ जाती है। देश में अधिकांश जगहों पर महिलाएं ग्रहणी है और अपना घर संभालती हैं। पर यह हमारी विडंबना है कि हमने अपने घर की महिलाओं को वित्त का अधिकार नहीं दिया ना ही वित्त संबंधी मामलों में हम घर की महिलाओं की सलाह लेते हैं। जबकि हमारी वित्तमंत्री जी स्वयं एक महिला हैं और वो भारत का बजट बनाती हैं।

दूसरी तरफ एक वह महिला है जो अपना घर चला रही है पर वह घर के बजट को सही तरीके से चला सकने में सक्षम नहीं है। हम बेटियों को पढ़ाते हैं। सब उन्हें सक्षम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। फिर हम ये भूल जाते हैं की हमारी बेटी ही तो कल किसी और के घर की बहू बनेगी। अतः अपनी बेटी को हमेशा धन देते रहना और बहू को उससे वंचित रखना क्या ये सही है?

इसलिए देश में यह प्रावधान अवश्य ही होना चाहिए की विवाह के पश्चात यदि कोई महिला नौकरीपेशा नहीं है तो उसे उसके उसके पति से हर महीना कुछ धनराशि अवश्य प्रदान की जाए। इससे न केवल घरेलू महिलाएं अपनी जरूरत की चीजें खुद ले पाएंगी साथ ही घर की छोटी-छोटी चीजों के लिए उन्हें किसी और पर निर्भर नहीं होना होगा। यह उनके मानसिक स्वास्थ के साथ-साथ पारिवारिक शांति के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

हेल्थ टिप्स

# महिलाओं की आम समस्या है यूटीआई, क्रैनबेरी जूस से मिलेगी राहत

**यूरिनरी** ट्रैक्ट इन्फेक्शन महिलाओं को होने वाली सबसे आम समस्याओं में से एक है। यह एक ऐसा संक्रमण है, जिससे हर साल दुनिया भर में तकरीबन 15 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित होते हैं। खासकर, महिलाएं इसकी चपेट में ज्यादा आती हैं। आधे से अधिक महिलाओं को अपने जीवन में कम से कम एक बार यूटीआई होता है और इनमें से लगभग 30 फीसदी महिलाओं को छह से 12 महीनों के अंदर दोबारा संक्रमण का सामना करना पड़ता है।





यूटीआई के इलाज में एक खास तरह का जूस बेहद फायदेमंद माना जाता है। जी हां, क्रैनबेरी जूस को लंबे समय से यूटीआई के लिए एक प्राकृतिक उपाय माना जाता रहा है बिरला हॉस्पिटल के यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. शलभ अग्रवाल के अनुसार क्रैनबेरी जूस आंशिक रूप से और कुछ शर्तों के साथ यूटीआई के इलाज में भूमिका निभा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि क्रैनबेरी में प्रोएन्थोसाइनिडिन्स नामक बायोएक्टिव कंपाउंड पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें फ्लेवोनॉयड्स और फिनोलिक एसिड भी मौजूद होते हैं।

फ्रंटियर्स इन न्यूट्रिशन में प्रकाशित शोध में सामने आया कि ये कम्पाउंड ई. कोलाई बैक्टीरिया को यूरिनरी ट्रैक्ट की अंदरूनी परत की कोशिकाओं से चिपकने से रोकते हैं। क्रैनबेरी बैक्टीरिया को मारती नहीं है। बल्कि यह ब्लैडर की दीवार को ऐसा बना देती है कि बैक्टीरिया उस पर चिपक नहीं पाते, जिससे संक्रमण की शुरुआत ही नहीं हो पाती। चिपकने से रोकने का यह तरीका मॉलिक्यूलर लेवल पर अच्छी तरह से साबित हो चुका है।

'यूरोपियन यूरोलॉजी फोकस' में छपी 2024 की एक बड़ी सिस्टेमैटिक रिव्यू और मेटा-एनालिसिस में 20 रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल्स और 3,000 से अधिक पार्टिसिपेंट्स के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। इसमें पाया गया कि बिना किसी इलाज के मुकाबले क्रैनबेरी जूस पीने वालों में ज्ञद्ध की दर में 54% कम थी। इसके अलावा सिर्फ अधिक सादा तरल पदार्थ पीने की तुलना में भी यह दर 27% कम रही।

यूटीआई से बचाव के लिए लगातार क्रैनबेरी का इस्तेमाल करना सबसे जरूरी है। 2024 में हुए दस क्लिनिकल ट्रायल्स की एक सीरीज में पाया गया कि क्रैनबेरी प्रोडक्ट्स से ज्ञद्ध का खतरा तभी काफी हद तक कम हुआ, जब उन्हें 12 से 24 हफ्तों तक लगातार इस्तेमाल किया गया।

2024 की एक समीक्षा में क्रैनबेरी जूस ने क्रैनबेरी टैबलेट्स की तुलना में बेहतर परिणाम दिखाए। क्रैनबेरी जूस ज्ञद्ध को रोकने में मदद कर सकता है, लेकिन यह पहले से हो चुके इंफेक्शन का इलाज नहीं कर सकता है।

## सुविचार

हे परमात्मा अगर आपका कुछ तोड़ने का मन करे तो मेरा गुरूर तोड़ देना... अगर आपका कुछ जलाने का मन करे तो मेरा क्रोध जला देना....

–अज्ञात

## निशाना

### फैला है जितना भी जाल..!



कुमार अखिलेश

फैला है जितना भी जाल, सब उसी का तो है,
दुनिया में है जो भी कमाल, सब उसी का तो है।
तुम समझ रहे हो कि कर रहे हो सब कुछ तुम्हीं,
मगर हो रहा है जो भी धमाल,सब उसी का तो है।
जो इतरा रहे हो तुम अपने खूबसूरत बदन पे,
ये शबाब, हुस्न-ओ-जमाल,सब उसी का तो है।
गिरकर उठ रहा है कोई,उठ कर गिर रहा है कोई,
दुनिया में उरूज और ज़वाल,सब उसी का तो है।
फकत उसी के इशारे पर चल रही है ये दुनिया,
जो भी हो रहा है फिलहाल,सब उसी का तो है।

टेक्नो अपडेट

# चीन का कारनामा, इंसानी बाल जितने बारीक तार से मिलेगा जबरदस्त इंटरनेट

**चीन** ने दुनिया की पहली 3-लेन ऑप्टिकल फाइबर टेक्नोलॉजी पेश की है। इसकी मदद से इंटरनेट डेटा ट्रांसफर स्पीड 5 गुना तक बढ़ जाएगी। इसके लिए चीन के वैज्ञानिकों ने ऑप्टिकल फाइबर केबल में डेटा भेजने के दो रास्तों को तीन में बदल दिया है। खास बात है कि यह तकनीक टेस्टिंग में नहीं बल्कि कमर्शियल इस्तेमाल के लिए तैयार है। AI के बढ़ते इस्तेमाल के साथ मौजूदा इंटरनेट नेटवर्क कम पड़ने लगा है। इस समस्या से निपटने के लिए चीन के रिसर्चर्स ने बड़ा कारनामा किया है। उन्होंने एक ऐसा 3-लेन ऑप्टिकल फाइबर सिस्टम तैयार किया है, जो बिना नए केबल पिछाए या पुराने इंफ्रास्ट्रक्चर को बदले इंटरनेट की डेटा ट्रांसफर स्पीड को बढ़ा सकता है। खास बात है कि यह तकनीक लैब में टेस्टिंग फेज में नहीं बल्कि इस्तेमाल के लिए कमर्शियल रूप में उपलब्ध दुनिया की पहली ऐसी तकनीक बन गई है।



**साधारण** ऑप्टिकल फाइबर केबल में डेटा भेजने के लिए मुख्य तौर पर दो रास्तों का इस्तेमाल होता है। इसे C बैंड और रुबैंड कहा जाता है। चीनी वैज्ञानिकों ने इसमें एक तीसरा रास्ता यानी कि S-band और जोड़ दिया है। यही वजह है कि इसे 3-लेन ऑप्टिकल फाइबर टेक्नोलॉजी कहा जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले स्बैंड का इस्तेमाल इसलिए नहीं होता था क्योंकि लंबी दूरी पर इसके सिग्नल कमजोर हो जाते थे।

**चीनी** वैज्ञानिकों ने इस इंजीनियरिंग से जुड़ी समस्या का हल नए फाइबर केबल में चार कोर देकर निकाला है। यहां कोर का मतलब तार के अंदर के मुख्य हिस्से से है। पहले ऐसे केबल में सिर्फ एक ही कोर होता था लेकिन अब चार कोर होने से इसकी क्षमता काफी बढ़ गई है।

### सुपरकंप्यूटर के लिए वरदान

दरअसल AI मॉडल्स को ट्रेन करने के लिए हजारों GPU को आपस में जोड़ा जाता है। इस दौरान डेटा को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करने में रुकावट देखने को मिलती है। कहने का मतलब है कि जितने तेज ये GPU होते हैं, उतनी तेजी से इनका डेटा ट्रांसफर नहीं हो पाता। चीन का नया नेटवर्क इस समस्या को हमेशा के लिए सुलझा सकता है। इंसानी बाल जितने बारीक केबल की वजह से डेटा 5 गुना तेजी से ट्रैवल कर सकेगा। इससे AI मॉडल्स की ट्रेनिंग तेज हो जाएगी, नेटवर्क में कोई रुकावट भी नहीं आएगी और डेटा ट्रांसफर की स्पीड भी काफी तेज हो जाएगी।

इस टेक्नोलॉजी पर जापान, अमेरिका और यूरोप में भी काम हुआ है लेकिन चीन इसे असल दुनिया के नेटवर्क पर लागू करने वाला पहला देश बन गया है। इस टेक्नोलॉजी का सफल परीक्षण 35 किलोमीटर लंबे मौजूदा टेलीकॉम नेटवर्क पर किया जा चुका है। भविष्य में इसे समुद्र के नीचे बिछने वाली केबल्स में भी किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल चीन अपने ईस्टर्न डेटा, वेस्टर्न कंप्यूटिंग के लिए करेगा।

वायरल कंटेंट

# पडोसी पाकिस्तान में ऐसे भी सिनेमा घर, चेयर की जगह बिछाते हैं चौकी!

**पड़ोसी** मुल्क पाकिस्तान की गरीबी किसी से छिपी नहीं है। भले ही ये देश आतंकवाद को पनाह देने में करोड़ों या कहें तो अरबों खर्च कर देता है लेकिन अपनी जनता के लिए इसके पास पैसे नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान के गांवों में सिनेमा का अनोखा रूप देखकर आप भी हैरान रह जाएंगे। जहां दुनिया भर में मल्टीप्लेक्स और आधुनिक थिएटर का बोलबाला है, वहीं पाकिस्तान के दूरदराज इलाकों में अभी भी सिनेमा का पुराना और देसी अंदाज कायम है। सोशल मीडिया पर एक पाकिस्तानी यूजर द्वारा शेयर की गई वीडियो अब वायरल हो रही है, जिसमें गांव का 'सिनेमाघर' दिखाया गया है। जहां एक तरफ अब भारत के ग्रामीण इलाकों में भी सिनेमा हॉल खुलने लगे हैं, वहीं पाकिस्तान के एक गांव में एक छोटे से दुकान को ही सिनेमा हॉल में बदल दिया गया। दुकान के अंदर छोटे से टीवी को स्पीकर से कनेक्ट कर सिनेमा हॉल बनाने की कोशिश की गई। इस वीडियो ने लोगों को हैरान कर दिया है।



वायरल वीडियो में दीखता है कि एक छोटे से कमरे को थिएटर बना दिया गया है। कमरे की दीवार पर बड़ा टीवी लगा हुआ है, जिसके साथ लाउड स्पीकर कनेक्ट किए गए हैं। स्क्रीन के सामने लकड़ी की चौकियां बिछा दी गई हैं, जहां लोग आराम से बैठकर फिल्म का मजा ले सकते हैं। चेयर या सोफे की जगह इन साधारण चौकियों का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं बाहर का इंतजाम भी कमाल का नजर आया। इस सिनेमाघर के बाहर मिट्टी का चूल्हा जलाया गया है, जिस पर चाय बन रही है। साथ ही सस्ते नाश्ते जैसे समोसे, चने और बिस्कुट का भी इंतजाम है। यानी दर्शक फिल्म देखने के बीच में चाय-नाश्ता करके मस्ती कर सकते हैं।

इस वीडियो को शेयर करते हुए यूजर ने लिखा कि यह उनके गांव का लोकल सिनेमाघर है। टिकट की कीमत भी बेहद कम है, जिससे आम गरीब लोग भी फिल्म देखने का आनंद ले सकते हैं। शहरों के महंगे मल्टीप्लेक्स में जहां एक टिकट के लिए सैकड़ों रुपये खर्च करने पड़ते हैं, वहीं यहां कुछ रुपये में पूरा परिवार फिल्म देख सकता है। पाकिस्तान में खासकर पंजाब, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा के दूरदराज गांवों में ऐसे कई छोटे-छोटे 'वीडियो सेंटर' या 'सिनेमा हॉल' आज भी चल रहे हैं। 90 के दशक और 2000 के शुरुआती सालों में वीडियो कैसेट और डीवीडी कल्चर काफी लोकप्रिय था। अब टीवी, स्पीकर और सैटेलाइट कनेक्शन के जरिए नई फिल्में दिखाई जाती हैं।

## न्यूज विंडो

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के 3 सदस्यों समेत 5 की मौत, 2 गंभीर



**नर्मदापुरम।** जिले के मटकुली-पिपरिया मार्ग पर सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार बोलेरो वाहन सामने से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। पुलिस के अनुसार बोलेरो जीप तामिया से मटकुली की ओर जा रही थी। इसी दौरान चालक ने सामने आ रहे बाइक सवार को बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार होने के कारण वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और बोलेरो सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई। घटना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में नर्मदापुरम के बंजारा ड्रीम निवासी प्रदीप धुर्वे (48), उनकी पत्नी ज्योति धुर्वे और उनका 8 वर्षीय पुत्र अक्षत धुर्वे की मौत हो गई। इनके अलावा समनापुर निवासी पंचम ठाकुर (55) और झिरपा करेर निवासी कुलदीप ठाकुर (40) ने भी मौके पर दम तोड़ दिया। वहीं समनापुर निवासी आकाश धुर्वे (25) और शरद उइके (21) गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार जारी है।

### स्वच्छता अभियान के दावों की खुली पोल, वार्ड 11 में नारकीय स्थिति



**औबेदुल्लागंज।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कागजों पर तो शहर को चकाचक दिखाया जा रहा है, लेकिन हकीकत औबेदुल्लागंज नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 11 में साफ देखी जा सकती है। यहां की तस्वीरें नगर परिषद के स्वच्छता के दावों की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। वार्ड की गलियों में बनी नालियां पूरी तरह से जाम हो चुकी हैं। इन नालियों में कचरे का अंबार लगा हुआ है और गंदा पानी सड़ रहा है, जिससे उठने वाली दुर्गंध ने रहवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। ये तस्वीरें साफ बयां कर रही हैं कि लंबे समय से इन नालियों की सफाई नहीं हुई है।अभी तो स्थिति यह है कि नालियों का गंदा पानी गलियों में फैल रहा है, लेकिन आने वाले मानसून के दिनों में यह स्थिति और भी भयावह हो सकती है। जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह ठप होने के कारण आगामी बरसात में वार्ड 11 के निवासियों के घरों में गंदा पानी घुसने का खतरा मंडरा रहा है। यह स्थिति न केवल बदबू का कारण बन रही है, बल्कि मच्छरों के पनपने से गंभीर बीमारियों को भी न्यौता दे रही है।

### भावना शर्मा का निधन



**सिरोंज।** पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष रोहिताष्व शर्मा की धर्मपत्नी भावना शर्मा का सोमवार को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहीं थी। भोपाल के प्रायवेट अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वहीं पर सोमवार सुबह उनका निधन हो गया। गत दिवस दोपहर में रावजी पथ स्थित उनके निवासी से निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार तहसील रोड पर स्थित मुक्तिधाम पर किया गया।

### पुरूषोत्मस मास में प्रतिदिन हो रहा सुंदरकांड पाठ, उमड़े श्रद्धालु



**सिरोंज।** श्री राम मानस मंडल द्वारा पुरूषोत्तम मास के अवसर पर प्रतिदिन सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। समिति के संचालक राजेष मुन्ना नेमा के मार्गदर्षन में सभी सदस्य संध्याकाल मंदिर और निवास स्थल पर पहुंचकर संगीतमयी सुंदरकांड का पाठ कर रहे हैं। इसी क्रम में समिति ने शनिवार रात में प्राचीन गिरधारी जी मंदिर और रविवार रात में टोरी मोहल्ला स्थित मां चांदला शीतला दरबार में सुंदरकांड पाठ और जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

### सिवनी के कुरई घाट में ट्रक की बॉडी टूटकर अलग हुई, कंटेनर से टकराई



**सिवनी।** जिले के कुरई घाट पर देर शाम कबाड़ से भरे एक ट्रक की बॉडी अचानक उसके चेसिस से टूटकर अलग हो गई और सामने से आ रहे एक बड़े कंटेनर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों भारी वाहन बेकाबू होकर बीच सड़क पर ही पलट गए। इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और नेशनल हाईवे पर दोनों तरफ का यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

## वार्ड चलो अभियान के बाद युवा कांग्रेस और एनएसयूआई का फूटा आक्रोश

# नगरपालिका का घेराव करने पहुंची कांग्रेस एसडीएम ने दिया निराकरण का आश्वासन

**नर्मदापुरम/इटारसी। दोपहर मेट्रो**

शहर के 1 से 34 वार्डों में करीब पौने तीन महीने तक चलाए गए युवा कांग्रेस के वार्ड चलो अभियान के समापन के बाद युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में इटारसी नगर पालिका का घेराव किया। हालांकि पुलिस के कड़े बंदोबस्त और बैरिकेडिंग के चलते प्रदर्शनकारी नगर पालिका कार्यालय तक नहीं पहुंच सके। बाद में मौके पर पहुंचे एसडीएम निलेश कुमार ने जनसमस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।



कांग्रेस कार्यकर्ता पहली लाइन क्षेत्र में एकत्रित हुए और वहां से पैदल रैली निकालते हुए नगर पालिका कार्यालय की ओर रवाना हुए। डीजे पर बंद करो ये भ्रष्टाचार और नपा अध्यक्ष मुर्दाबाद जैसे नारे लगाते हुए रैली रेस्ट हाउस मार्ग से विधायक कार्यालय के सामने से होकर एसबीआई चौराहे तक पहुंची।नगर पालिका कार्यालय से करीब 100 मीटर पहले एसबीआई के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रास्ता रोक दिया, जिसके कारण प्रदर्शनकारी वहीं रुक गए और धरना देने लगे। रैली का नेतृत्व कर रहे पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने स्थानीय नगर सरकार और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा।इस दौरान उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग की, लेकिन जानकारी मिली कि सीएमओ कार्यालय में मौजूद नहीं हैं। इसके बाद जायसवाल ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि यदि 10 मिनट के भीतर एसडीएम मौके पर नहीं पहुंचे तो कार्यकर्ता बैरिकेड पार कर नगर पालिका के मुख्य द्वार पर तालाबंदी करेंगे। हालांकि स्थिति उस स्तर तक नहीं पहुंची और एसडीएम निलेश कुमार मौके पर पहुंच गए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और युवा कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से शहर की विभिन्न जनसमस्याओं से उन्हें अवगत कराया। एसडीएम ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन देते हुए कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल को चर्चा के लिए अपने कार्यालय बुलाया है जहां सीएमओ की मौजूदगी में प्रतिनिधि मंडल से चर्चा की जाएगी।अंदर खाने से खबर है कि रैली जब विधायक कार्यालय के सामने से गुजर रही थी, तब एक वरिष्ठ कार्यकर्ता ने माइक पर विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। हालांकि एक बार नारे लगने के बाद किसी अन्य कार्यकर्ता ने उससे माइक वापस ले लिया। यह मामला चर्चा का विषय बना रहा, लेकिन आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई। वही इस पूरे आंदोलन से नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नजर नहीं आए। रैली में जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय, टप्पू मिश्रा, पंकज राठौर, केलू उपाध्याय, सौम्य दुबे, प्रतीक मालवीय, गोल्डी बेस, पार्षद सीमा भदौरिया, दिलीप गोस्वामी, नेहा चावरे, धर्मेंद्र मालवीय, लाली सलूजा, राकेश चंदेले, प्रहलाद आठनेरे, भवानी कहार, राहुल वर्मा, प्रणय, राहुल राखड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम निलेश कुमार शर्मा से चर्चा के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने शहर और किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सबसे पहले पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने क्षेत्र की जनसमस्याओं से एसडीएम को अवगत कराया। इसके बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय, सेवा दल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी और कांग्रेस नेता गौरव चौधरी ने भी अपनी-अपनी बातें रखीं। ज्ञापन सौंपने के बाद किसान नेता विजय बाबू चौधरी ने किसानों के सामने खड़ी डीजल संकट की समस्या को गंभीर बताते हुए एसडीएम का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मांग की कि प्रशासन ऐसा स्थायी समाधान निकाले, जिससे किसानों को डीजल कूपन और केन के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा सके। किसान नेता चौधरी ने कहा कि खेतों में हार्वेस्टर मशीनें लगातार काम कर रही हैं और वे अधूरी फसल छोड़कर डीजल पंप तक नहीं पहुंच सकतीं। ऐसा होने पर किसानों का समय तो बर्बाद होगा ही, साथ ही संभावित बारिश के कारण मूंग की फसल खराब होने का भी खतरा बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति में दोनों तरफ किसान परेशान और असमंजस की स्थिति में हैं, इसलिए प्रशासन को तत्काल राहतकारी कदम उठाने चाहिए।

### पुलिस रही मुस्तैद

नगर पालिका घेराव कार्यक्रम पूर्व निर्धारित होने के कारण पुलिस प्रशासन ने पहले से व्यापक तैयारियां कर रखी थीं। नगर पालिका कार्यालय से लगभग 100 मीटर दूर एसबीआई एटीएम के पास बैरिकेडिंग की गई थी। इसके अलावा एसबीआई चौराहे पर भी अतिरिक्त बैरिकेड लगाए गए थे और विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा, ताकि कानून-व्यवस्था प्रभावित न हो। जानकारी के अनुसार एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा, थाना प्रभारी सौरभ पांडे सहित इटारसी, रामपुर, तवानगर, केसला और पथरौटा थानों के थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे।

## बालाघाट की वैनगंगा नदी में नहाने के दौरान दो छात्रों की डूबने से मौत



**बालाघाट। दोपहर मेट्रो**

जिले के खैरलांजी थाना क्षेत्र के खैरी गांव में वैनगंगा नदी में नहाने के दौरान दो छात्रों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान खैरी निवासी साहिल भालाधरे (18) और अक्षय लानगे (18) के रूप में हुई है। दोनों गांव के अन्य साथियों के साथ वैनगंगा नदी में नहाने गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मछुआरों की मदद से दोनों के शव नदी से बाहर निकाले। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

## जनसुनवाई से पहले ही भड़का विरोध, पहले अधिकारों की गारंटी, फिर हो जनसुनवाई

**अनूपपुर/ कोतमा। दोपहर मेट्रो**

जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बसखली में 17 जून को प्रस्तावित अडानी परियोजना की जनसुनवाई से पहले ही विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी और प्रशासन ने गांव के किसानों, युवाओं तथा जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए बिना ही जनसुनवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी। सूचना के अभाव और परियोजना को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि जब तक रोजगार, मुआवजा और ग्राम हितों को लेकर ठोस आश्वासन नहीं मिलता, तब तक जनसुनवाई का बहिष्कार किया जाएगा। ग्रामीणों ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि परियोजना को लेकर गांव में कोई व्यापक बैठक आयोजित नहीं की गई। न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को विश्वास में लेकर स्थिति स्पष्ट की। ऐसे में लोगों को जनसुनवाई की जानकारी भी आधिकारिक माध्यमों से नहीं, बल्कि आपसी चर्चा और अन्य स्त्रोतों से प्राप्त हुई। इससे ग्रामीणों में असंतोष और बढ़ गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पूर्व में स्थापित कई कंपनियों ने विकास और रोजगार के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन समय के साथ वे दावे धरातल पर नजर नहीं आए। किसानों की जमीनें अधिग्रहित हुईं, लेकिन उन्हें न तो पर्याप्त जानकारी मिली और न ही अपेक्षित लाभ। यही वजह है कि इस बार ग्रामीण हर पहलू की स्पष्ट जानकारी चाहते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई कंपनियां जनसुनवाई पूरी होने के बाद सबसे पहले बाउंड्री वॉल का निर्माण करती हैं, जिससे स्थानीय लोगों की पहुंच और निगरानी लगभग समाप्त हो जाती है। उनका कहना है कि शुरुआत में गांव के विकास और रोजगार की बात होती है, लेकिन बाद में स्थानीय लोगों की भूमिका सीमित कर दी जाती है। स्थानीय युवाओं का आरोप है कि नई परियोजनाओं के आगमन पर रोजगार की उम्मीदें बढ़ती हैं, लेकिन नियुक्तियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता नहीं दी जाती। कंपनियां बाहर से कर्मचारियों को लाकर रोजगार उपलब्ध कराती हैं।

## शिक्षक संघ की रणनीति... टीईटी अनिवार्यता के विरोध में जिला स्तरीय प्रदर्शन 18 जून को

**औबेदुल्लागंज। दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला रायसेन की जिला कार्यकारिणी बैठक रविवार को मॉडर्न कॉन्वेंट हायर सेकेंड्री स्कूल, औबेदुल्लागंज में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान एवं शिक्षक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में 18 जून को रायसेन जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।




मुख्य अतिथि एवं प्रांत सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा ने कहा कि शिक्षक हितों की रक्षा के लिए संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद उत्पन्न परिस्थितियों में शिक्षकों की जायज मांगों को सरकार तक पहुंचाने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष गिरीश चंदेल ने बताया कि 18 जून को प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने तथा आवश्यक विधायी संशोधन की मांग की जाएगी। बैठक में आगामी सदस्यता अभियान, गुरु वंदन कार्यक्रम, जिला शिक्षक सम्मेलन एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह की रूपरेखा भी तय की गई। बैठक में जिले एवं विभिन्न विकासखंडों से आए पदाधिकारियों और शिक्षकों ने भाग लेकर संगठन को मजबूत बनाने तथा शिक्षक हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## बहला कुसलाकर नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**औबेदुल्लागंज। दोपहर मेट्रो**

क्षेत्र में 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले को लेकर हिंदू संगठनों ने इसे 'लव जिहाद' की कोशिश बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के ग्राम मेंदुआ निवासी 20 वर्षीय शेख मुस्तफा एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। परिजनों द्वारा लड़की के अचानक लापता होने पर उसकी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने औबेदुल्लागंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर लड़की की तलाश की। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी नाबालिग को भोपाल लेकर गया था।



बाद में वह लड़की को भोपाल में छोड़कर स्वयं अपने गांव मेंदुआ लौट आया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नाबालिग लड़की को सुरक्षित बरामद कर लिया तथा आरोपी शेख मुस्तफा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए पुलिस के साथ समन्वय स्थापित किया।

**मेट्रो एंकर**

## एलबीएस कॉलेज में योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ

# योग ही स्थायी स्वास्थ्य की गारंटी बन सकता है : पूनम तिवारी

**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

स्थानीय एलबीएस कॉलेज में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक योग उत्सव का शुभारंभ किया गया। एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में योग के विभिन्न आयामों पर चर्चा एवं अभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत कंप्यूटर विभाग द्वारा योग भगाए रोग विषय पर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को योग के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार की ट्रस्टी एवं प्राध्यापक पूनम तिवारी ने कहा कि योग का कोई एक दिवस नहीं होता, बल्कि यह जीवन की नियमित दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि केवल योग ही स्थायी स्वास्थ्य की गारंटी बन सकता है। एनसीसी विभाग प्रभारी निधि शर्मा ने विद्यार्थियों को अष्टांग योग के महत्व की जानकारी देते हुए नियमित योगाभ्यास अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे, कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज सक्सेना, प्राध्यापक कुलेन्द्र श्रीवास्तव, कंप्यूटर विभाग प्रभारी वेद प्रकाश स्वर्णकार, अजय सेंगर, गौरव नामदेव, एनएसएस बालिका इकाई प्रभारी नम्रता अरोरा, डॉ. भास्कर दुबे, मोहर सिंह गुर्जर, प्रियंका चतुर्वेदी, रुबीना ठाकुर, बालक इकाई प्रभारी एवन सिंह विश्वकर्मा, दिनकर कद्रे एवं खेल अधिकारी मनीष अहिरवार सहित अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ योग, प्राणायाम एवं विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।



## न्यूज विंडो

## सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान



**तेंदूखेड़ा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तेजगढ़ मंडल के शक्ति केंद्र झलोन सहित पुतरी घाट, हरदुआ पुरा एवं मगदूपुरा क्षेत्र में रविवार को विभिन्न कायक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जबेरा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ग्राम झलोन में आयोजित सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में मंत्री लोधी ने उपस्थित वरिष्ठजनों का गमछा, घड़ी एवं कैलेंडर भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके योगदान की सराहना की इसके पश्चात मंत्री लोधी ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया तथा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से भेंट कर संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के कुछ दुखद परिवारों के यहां पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

## विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरित कीं, खिले चेहरे



**तेंदूखेड़ा।** शासकीय एकीकृत शाला झलौन में सोमवार को विद्यार्थियों के लिए निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना तथा शिक्षा के प्रति उनकी निरंतरता और उत्साह को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि चक्रेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर शाला प्रभारी चंद्रकांत हजारी, हल्केलाल जैन, जी.एस. रावत, फूलसिंह ठाकुर, प्रदीप साहू, सत्यनारायण सोनी, श्रीमती शैलजा रावत एवं रेखा सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, शिक्षा के महत्व को समझने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए मेहनत करने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। इससे विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ेगा कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बलराम सिंह सहित बड़ी संख्या में पालकगण एवं विद्यार्थियों के परिजन उपस्थित रहे। सभी ने शासन की इस जनहितकारी योजना की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## फार्मर आईडी कंप्यूटर में अपलोड नहीं होने से किसान परेशान



**तेंदूखेड़ा।** नगर के चौरई वार्ड एवं ग्राम चौरई के किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार विवेक व्यास को ज्ञापन सौंपते हुए किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनने की गंभीर समस्या से अवगत कराया। किसानों ने बताया कि ग्राम चौरई के किसी भी किसान की फार्मर आईडी नहीं बन पा रही है, जिससे उन्हें खाद नहीं उपलब्ध हो पा रही है। ज्ञापन में किसानों ने उल्लेख किया कि उन्होंने कई बार ऑनलाइन एवं संबंधित विभागों के माध्यम से फार्मर आईडी बनाने का प्रयास किया, लेकिन तकनीकी त्रुटियों अथवा अन्य कारणों से प्रक्रिया सफल नहीं हो पा रही है। किसानों का कहना है कि वर्तमान में खाद वितरण सहित कई कृषि संबंधी योजनाओं में फार्मर आईडी अनिवार्य होने के कारण वे आवश्यक सुविधाओं और लाभों से वंचित हो रहे हैं। किसानों ने बताया कि खेती-किसानी का कार्य चल रहा है और समय पर आवश्यक संसाधन नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इससे किसानों में चिंता और असंतोष का माहौल बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि समस्या की जांच कर तत्काल समाधान कराया जाए तथा ग्राम चौरई के सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी शीघ्र बनवाई जाए। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने चेतावनी भी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो ग्राम चौरई के किसान एकजुट होकर तहसील कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### जमीन के विवाद में एक पक्ष ने कर दिया था ट्रैफिक जाम

# सीधी में थाना प्रभारी पर जानलेवा हमला, दो पक्षों का विवाद सुलझाने पहुंची थी पुलिस टीम

**सीधी। दोपहर मेट्रो**

जिले के कमर्जी थाना इलाके के अंतर्गत आने वाले ग्राम पटपरा में सड़क जाम खुलवाने समझाइश दे रहे कमर्जी थाना प्रभारी पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सड़क जाम हटाने के दौरान हुए इस हमले में कमर्जी थाना प्रभारी इंद्राज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर पर गहरी चोट आई है। घटना के बाद उन्हें तत्काल जिला अस्पताल सीधी में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी जिला अस्पताल पहुंचे और घायल थाना प्रभारी का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से उपचार संबंधी जानकारी ली। जानकारी के अनुसार, ग्राम पटपरा में नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। एक पक्ष का आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण कर आवागमन बाधित किया गया है। इस संबंध में कई बार राजस्व अधिकारियों को शिकायतें और आवेदन दिए गए थे, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को सड़क जाम कर दी।

सड़क जाम की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी इंद्राज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वे ग्रामीणों को समझाइश देकर मार्ग खुलवाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान



विवाद बढ़ गया और कुछ लोगों ने थाना प्रभारी पर टांगी और हंसिए से हमला कर दिया। हमले में उनके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने तत्काल उन्हें भीड़ से सुरक्षित निकालकर डायल-112 वाहन की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया।

सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने मामले से जुड़े आरोपियों को चिन्हित कर लिया है। दिनेश पटेल उर्फ गुंठी, सुनील पटेल, विनय पटेल, प्रीतम पटेल तथा नितेश उर्फ सिंटू पटेल को नामजद आरोपी बनाया गया है। हमला करने वालों में महिलाओं के नाम नाम भी शामिल हैं। आरोप है कि आरोपियों ने सड़क जाम हटाने का विरोध करते हुए पुलिस दल के साथ मारपीट की और थाना प्रभारी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। दिनदहाड़े पुलिस अधिकारी पर हुए इस हमले से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वहीं, सरकारी अमले पर बढ़ते हमलों को लेकर कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा

कमर्जी थाना प्रभारी इंद्रराज सिंह पर हमले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी सीधी संतोष कोरी ने जमोड़ी, चुरहट, रामपुर नैकिन, अमिलिया एवं सेमरिया थाने का मौके पर लगा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सबसे पहले जमोड़ी थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी अपने थाने के जाबांज सिपाही के.पी सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और देखते ही देखते सभी आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, कुछ देर बाद रामपुर नैकिन थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी, चुरहट थाना प्रभारी रीता त्रिपाठी, सेमरिया थाना प्रभारी केदार परोहा, अमिलिया थाना प्रभारी राकेश सिंह भी पहुंच गए और सभी ने बेहतर पुलिसिंग का परिचय देते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। इस दौरान चुरहट एसडीओपी रवि प्रकाश भी मुस्तैदी से लगे रहे।

### दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

मामले को लेकर सीधी पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी का कहना है कि, नाली निर्माण को लेकर पटेल परिवार के बीच विवाद के चलते सड़क जाम की गई थी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मौके पर पुलिस बल के साथ गए थे। पुलिस अधिकारी पर हमला अत्यंत गंभीर अपराध है। मामले की जांच के लिए एसडीओपी समेत पांच थानों का पुलिस बल मौके पर भेजा गया। घटना से जुड़े 6 आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है। एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मीनाक्षी का फार्म निरस्त करने पर किया विरोध-प्रदर्शन

**नरसिंहपुर। दोपहर मेट्रो**

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का फार्म निरस्त किए जाने को लेकर कांग्रेस लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है और इस घटना को लोकतंत्र की हत्या बताया जा रहा है। इसी क्रम में युवा कांग्रेस ने राज्यसभा निर्वाचन अधिकारी का पुतला फूंक कर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वरिष्ठ नेता लखन सिंह पटेल के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने सुभाष पार्क पर नारेबाजी की और कहा कि भाजपा के संरक्षण में निर्वाचन आयोग ने लोकतंत्र की हत्या कर दी। वरिष्ठ नेता लखन सिंह पटेल ने कहा कि चिंता का विषय है कि मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार तानाशाह और मनमर्जी से काम कर रहे हैं। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं लोगों को उलझाकर बुनियादी मुद्दों से ध्यान



भटकाया जा रहा है आज बेरोजगारी महंगाई से जनता परेशान है, किसान कई समस्याओं से जूझ रहा है और सरकार प्रचार तंत्र के माध्यम से झूठी वाह वाह लूट रही है किंतु कांग्रेस लगातार संविधान की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती रहेगी। उक्त मौके पर शैलेंद्र सिंह राजपूत , कंछेदी पटेल धनीराम पटेल, देवेंद्र शुक्ला ,विशाल ठाकुर, नितिन गोयल, राजा ठाकुर ,रफीक भाई नूरानी, विशाल राय, आशीष राजवैद्य, आनंद चौरसिया , कौशलेंद्र जाट, यासीन मनचला, बबलू खान तोप सिंह महोबिया, रत्नेश पटेल, अभय राय धर्मेंद्र जाट, कुश बाटली, महेंद्र पटेल शुभम पटेल, सौरभ रिछारिया, विष्णु प्रजापति रितेश राय, विकास पटेल, प्रिंस पटेरिया, राहुल, संजय मेहरा, विनोद पाली, विवेक पटेल, ईशान राय, रोहित पटेल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शुभम पटेल के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कागजों में जल क्रांति हकीकत में सूखे नल

**उमरिया। दोपहर मेट्रो**

जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जनपद पंचायत करकेली के ग्राम पंचायत सिलौड़ी के सिंहपामर में हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। यहां लाखों रुपये की लागत से बनाई गई पीएचई विभाग की पानी टंकी वर्षों से केवल शो-पीस बनकर खड़ी है, जबकि ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि टंकी का निर्माण और बोरवेल का कार्य पूरा होने के बावजूद आज तक नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। विभागीय रिकॉर्ड में योजना संचालित बताई जाती है, लेकिन जमीन पर स्थिति इसके विपरीत है। भीषण गर्मी के बीच आदिवासी परिवारों को दूर-दराज के जल स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है।

### कन्या शाला के जर्जर भवन की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण

## सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण की दिशा में पहल



**नरसिंहपुर। दोपहर मेट्रो**

विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं विद्यालय परिसरों के बेहतर उपयोग को ध्यान में रखते हुए जनपद शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर अंतर्गत पुराने एवं क्षतिग्रस्त शाला भवनों को हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में लोक निर्माण विभाग के तकनीकी परीक्षण एवं प्रतिवेदन के आधार पर शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवनों को कंडम एवं अनुपयोगी घोषित करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शासकीय कन्या शाला के जर्जर भवन की नीलामी प्रक्रिया निर्धारित नियमों के तहत पूर्ण की गई। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क) संभाग नरसिंहपुर द्वारा निर्धारित ऑफसेट वैल्यू के आधार पर शाला प्रबंधन समिति एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से नीलामी संपन्न कराई गई। नीलामी प्रक्रिया के दौरान विकासखंड स्रोत समन्वयक ओपी राय, प्राचार्य प्रीति नेमा, बीएसी ब्रजेश नेमा, विनोद झारिया, जनशिक्षक प्रदीप मेहरा, संदीप भारिया, राकेश दुबे एवं संस्था प्रधान सहित संबंधित जन उपस्थित रहे। जर्जर भवनों को हटाने की यह पहल विद्यालयों में सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## पीथमपुर पुलिस ने घर से लापता हुई तीन मासूम बच्चियों को सुरक्षित किया बरामद

**खेलते-खेलते लापता हो गई थीं बच्चियां, बगदून तालाब के पास मिलीं तीनों मासूम**

**धार। दोपहर मेट्रो**

थाना पीथमपुर पुलिस ने घर से लापता हुई तीन मासूम बालिकाओं को कुछ ही घंटों में सकुशल ढूंढ निकाला। बच्चियों के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस प्रशासन का आभार जताया।

जानकारी के अनुसार, इंडोरामा सेक्टर-3 निवासी फरियादी अविनाश यादव ने सोमवार को थाना पीथमपुर में सूचना दी कि उनकी 9 वर्षीय पुत्री हर्षिता यादव, 5 वर्षीय पुत्री सुप्रिया यादव और उनके साथ खेल रही पड़ोस की 9 वर्षीय मासूम रानी खेलते-खेलते अचानक कहीं लापता हो गई हैं। परिजनों ने अपने स्तर पर आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन जब



बच्चियों का कोई सुराग नहीं लगा, तो उन्होंने पुलिस की शरण ली। मामला मासूम बच्चियों की सुरक्षा से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने इसे बेहद गंभीरता से लिया। पुलिस अधीक्षक धार के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पीथमपुर थाना प्रभारी द्वारा तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम आसपास के रिहायशी इलाकों, सार्वजनिक स्थलों, चौराहों और संभावित ठिकानों पर सघन तलाशी अभियान शुरू किया। साथ ही स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की गई।

खोजबीन के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि तीनों बच्चियों को बगदून तालाब क्षेत्र के आसपास देखा गया है। तालाब जैसी संवेदनशील जगह का नाम सामने आते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और तीनों बच्चियों को अपनी सुरक्षित अभिरक्षा में ले लिया। कानूनी औपचारिकताएं और पहचान की पुष्टि करने के बाद तीनों बालिकाओं को उनके रोते-बिलखते माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

**मेट्रो एंकर** | कलम दवात की आकर्षक प्रतिमा के साथ भगवान चित्रगुप्त चौराहे का लोकार्पण

# भगवान चित्रगुप्त केवल कायस्थ समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए श्रद्धा, ज्ञान और न्याय के प्रतीक: जैन

**सागर। दोपहर मेट्रो**

शहर के संजय ड्राइव रोड स्थित नव-निर्मित भगवान चित्रगुप्त चौराहे का विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक लोकार्पण किया गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नगर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने फीता काटकर चौराहे का उद्घाटन किया।

नगर निगम द्वारा विकसित किए गए इस चौराहे पर भगवान चित्रगुप्त के प्रतीक स्वरूप कलम-दवात की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। लंबे समय से कायस्थ समाज द्वारा शहर के किसी प्रमुख चौराहे का नाम भगवान चित्रगुप्त के नाम पर रखने की मांग की जा रही



थी, जिसे अब मूर्त रूप मिल गया है। लोकार्पण के विधायक निधि से चित्रांश मंगल भवन में एक नवीन कक्ष के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। अतिथियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक जैन ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले देवता हैं और कायस्थ समाज कलम-दवात को उनके प्रतीक स्वरूप पूजता है। इसी भावना के साथ चौराहे पर कलम-दवात की प्रतिमा स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त केवल कायस्थ समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए श्रद्धा, ज्ञान और न्याय के प्रतीक हैं। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज स्वयं को सौभाग्यशाली मानता है कि मध्यप्रदेश में भगवान चित्रगुप्त के नाम पर विकसित होने वाले प्रमुख चौराहों में यह एक महत्वपूर्ण पहचान बनकर उभरा है। उन्होंने विधायक शैलेंद्र जैन के प्रति समाज की ओर से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अर्चना खरे, दिनेश खरे, अजय श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, शैलेश वर्मा, बसंत श्रीवास्तव, डॉ. प्रवीण खरे, जागेश्वर श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव व समाजजन उपस्थित रहे।

## सांसद प्रतिनिधि का मनाया जन्मदिन

**तेंदूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**



नगर के भाजपा कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं सांसद प्रतिनिधी मूरत सिंह लोधी का जन्मदिन मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने बडे ही धूमधाम से आतिशबाजी कर सांसद प्रतिनिधी को जन्मदिन की बधाई दी। पूर्व उर्जा राज्यमंत्री दशरथ सिंह लोधी ने कहा कि मूरत सिंह 55 वर्ष के हो चुके हैं, इन्होनें हमेशा अपने कार्यो से लोगों का दिल जीता हैं हमेशा लोगों की मदद के लिए खडे रहते हैं। इसके पूर्व सुबह ग्राम नरगुंवा में जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण किया गया। कार्यकर्ताओं ने तिलक लगाकर एवं माला पहनाई एवं मुंह मीठा कराया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, पूर्व अध्यक्ष गोविंद यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम जैन, राजकुमार लोधी, दीपक कटारे, सतेंद्र जैन, रश्मि साहू, महेंद्र ठाकुर, भागचंद्र जैन, डां गिरन केवट सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश का स्वर्णिम प्रदर्शन

# 39 पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियन बना मप्र, बेटियों ने भी दिखाया अपना दमखम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने रायपुर (छत्तीसगढ़) में 12 से 14 जून 2026 तक आयोजित 36वीं राष्ट्रीय जूनियर एवं सब-जूनियर कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब दिलाया। प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने कुल 39 पदक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।

प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश ने जूनियर पुरुष, जूनियर महिला, सब-जूनियर बालक एवं सब-जूनियर बालिका वर्ग में चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने एक बार फिर मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय जलक्रीड़ा मानचित्र पर शीर्ष स्थान दिलाया।

## ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ चारों वर्गों में चैंपियनशिप पर कब्जा

### 39 पदकों के साथ रचा नया इतिहास

प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश ने कुल 39 पदक अर्जित किए, जिनमें 25 स्वर्ण, 11 रजत एवं 3 कांस्य पदक शामिल हैं। जूनियर वर्ग की 1000 मीटर एवं 500 मीटर स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने 24 पदक जीते, जिनमें 16 स्वर्ण, 6 रजत एवं 2 कांस्य पदक शामिल हैं। वहीं सब-जूनियर वर्ग की 500 मीटर एवं 200 मीटर स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने 15 पदक अर्जित किए, जिनमें 9 स्वर्ण, 5 रजत एवं 1 कांस्य पदक शामिल है।

### खातेगांव की बेटियों ने दिखाया दम

देवास जिले के खातेगांव की प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ी माही साहू ने जूनियर वर्ग की 500 मीटर सी-4 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया। दिव्यानी जाट ने सी-2 500 मीटर एवं सी-4 1000 मीटर स्पर्धाओं में दो रजत पदक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं भाग्यश्री साहू ने के-4 200 मीटर स्पर्धा में रजत पदक तथा के-2 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश के पदक खाते में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### खेल मंत्री विश्वास सारंग ने दी बधाई

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश के खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई उपलब्धियां अर्जित कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

### अकादमी की सफलता का स्वर्णिम अध्याय

यह उपलब्धि मध्यप्रदेश की खेल अकादमियों में उपलब्ध वैज्ञानिक प्रशिक्षण, आधुनिक खेल सुविधाओं एवं सुनियोजित प्रतिभा विकास कार्यक्रमों की प्रभावशीलता को दर्शाती है। साथ ही खातेगांव की बेटियों सहित प्रदेश के खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरा है तथा मध्यप्रदेश को खेलों के क्षेत्र में नई पहचान प्रदान कर रहा है।

### बवाली रहा भारत-श्रीलंका मैच

# पहले तिलक अंपायरों से भिड़े, फिर वैभव बिफरे...

**दांबुला, एजेंसी**



इंडिया-ए और श्रीलंका-ए के बीच दांबुला में सोमवार (15 जून) को खेले गए रोमांचक मुकाबले का अंत विवाद के साथ हुआ। सुपर ओवर में हार झेलने के बाद युवा भारतीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अपना आपा खो बैठे और श्रीलंकाई खिलाड़ियों के साथ उनकी तीखी बहस हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि मैदान पर मारपीट की नौबत तक आ गई, जिसका वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है।

घटना सुपर ओवर की आखिरी गेंद के तुरंत बाद हुई। उस समय इंडिया-ए को जीत के लिए अंतिम गेंद पर 8 रनों की थी। यानी मुकाबला इंडिया-ए के हाथों से निकल चुका था। श्रीलंका-ए के गेंदबाज कुगाथास मथुलन ने शानदार यॉर्कर फेंककर आखिरी गेंद पर वैभव सूर्यवंशी को कोई रन नहीं बनाने दिया और अपनी टीम को जीत दिला दी। जैसे ही मैच समाप्त हुआ, कुगाथास मथुलन और श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने जोरदार अंदाज में जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया। इसी दौरान वैभव सूर्यवंशी कुछ बातों से नाराज नजर आए। हालांकि विवाद की असली वजह सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि उन्हें विरोधी खिलाड़ियों के जश्न मनाने के तरीके या किसी टिप्पणी पर आपत्ति थी।

### वैभव ने श्रीलंकाई खिलाड़ी को दिया धक्का!

वीडियो में देखा जा सकता है कि वैभव सूर्यवंशी श्रीलंकाई खिलाड़ियों के साथ बहस करते नजर आते हैं। बहस के दौरान उन्होंने एक खिलाड़ी को धक्का भी दिया। स्थिति को बिगड़ता देख अनुभवी विकेटकीपर निरोशन डिकवेला बीच-बचाव के लिए आगे आए और दोनों पक्षों को शांत कराने की कोशिश की। मैच के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी हाथ मिला रहे थे, तब भी वैभव सूर्यवंशी का गुस्सा शांत नहीं हुआ था। उनके साथी खिलाड़ियों ने उन्हें समझाया और मैदान से बाहर लेकर गए। कमेंटेटर्स ने भी इस घटना पर निराशा जताते हुए कहा कि इतने शानदार और रोमांचक मुकाबले का अंत इस तरह के विवाद से नहीं होना चाहिए था। इस मुकाबले में तनाव सिर्फ मैच खत्म होने के बाद ही नहीं दिखा। सुपर ओवर से पहले और सुपर ओवर के दौरान इंडिया-ए के कप्तान तिलक वर्मा भी अंपायरों से बहस करते नजर आए। पहले उन्होंने रोशनी को लेकर अंपायरों को समझाने की कोशिश की कि खेल जारी रखा जा सकता है। इसके बाद सुपर ओवर में फेंकी गई एक गेंद को नोबॉल करार देने पर उनकी अंपायरों से बहस हुई। मैदान पर आक्रामक तेवर दिखाने वाले वैभव सूर्यवंशी बल्ले से ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके। युवा ओपनर ने 14 गेंदों पर 21 रन बनाए। उनसे टीम को बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह उसे पूरा नहीं कर पाए।



# हानी बने मिस्र के लिए विलेन! आत्मघाती गोल से बेल्जियम की झोली में डाला ड्रॉ

**सिएटल।** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-जी के 16वें मुकाबले में बेल्जियम और मिस्र के बीच खेला गया रोमांचक मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मुकाबले में मिस्र ने पहले हाफ में बढ़त बना ली थी, लेकिन दूसरे हाफ में मोहम्मद हानी के आत्मघाती गोल ने बेल्जियम को बराबरी दिला दी। मैच के ड्रॉ रहने के कारण दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। हालांकि पहला बड़ा मौका मिस्र को मिला और 19वें मिनट



में इमाम अशूर ने शानदार गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इस गोल के बाद मिस्र ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली।

### पहले हाफ में मिस्र का दबदबा

पहले हाफ के शेष समय में बेल्जियम बराबरी का गोल करने के लिए संघर्ष करता रहा, लेकिन मिस्र की रक्षापंक्ति ने उसे सफलता नहीं मिलने दी। हाफ-टाइम तक मिस्र 1-0 से आगे था और बेल्जियम पर दबाव साफ दिखाई दे रहा था। दूसरे हाफ की शुरुआत के साथ ही बेल्जियम ने आक्रमण तेज कर दिया। टीम लगातार मिस्र के गोलपोस्ट पर दबाव बनाती रही। मैच के 66वें मिनट में बेल्जियम को आखिरकार किस्मत का साथ मिला। बेल्जियम के अनुभवी स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकू के दबाव और थॉमस म्यूनियर के खतरनाक लो क्रॉस के दौरान मिस्र के डिफेंडर मोहम्मद हानी ने गेंद को अपने ही गोल में पहुंचा दिया।

### दूसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ीं

# जीत के हीरो ओली रॉबिन्सन दूसरे टेस्ट से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



इंग्लैंड क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज से पहले एक और बड़ा झटका लगा है। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन दाहिने घुटने की चोट के कारण दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। यह खबर इंग्लिश टीम मैनेजमेंट के लिए चिंता बढ़ाने वाली है, क्योंकि रॉबिन्सन हाल ही में शानदार फॉर्म में लौटे थे। रॉबिन्सन इस सीरीज में लगभग दो साल बाद टेस्ट टीम में वापस आए थे और पहले ही मैच में उन्होंने अपनी धारदार गेंदबाजी से सभी का ध्यान खींच लिया था। लॉर्ड्स में खेले गए पहले टेस्ट में उन्होंने कुल 7 विकेट हासिल किए और इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, उनकी यह वापसी ज्यादा लंबी नहीं चल सकी। दाहिने घुटने की चोट ने एक बार फिर उनके करियर की स्थिरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह वही खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपना पिछला टेस्ट फरवरी 2024 में रांची में खेला था, जहां वे पूरी तरह फिट नहीं दिखे थे और सिर्फ 13 ओवर ही गेंदबाजी कर पाए थे। उस मैच की दूसरी पारी में वे गेंदबाजी करने तक नहीं उतर सके थे।


### इंग्लैंड टीम में और भी झटके

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की है कि रॉबिन्सन टीम के साथ जुड़े रहेंगे, लेकिन उनके तीसरे टेस्ट में खेलने पर अभी संशय बना हुआ है। तीसरा टेस्ट 25 जून से ट्रेंट ब्रिज में खेला जाएगा, और उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखी जाएगी। टीम के लिए मुश्किलें यहीं खत्म नहीं होतीं। नियमित कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन भी नाइट क्लब विवाद से जुड़ी जांच के चलते दूसरे टेस्ट के लिए चयन में शामिल नहीं हैं। इससे इंग्लैंड की गेंदबाजी इकाई पहले से कमजोर नजर आ रही है। पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 115 रनों से हराया था। लॉर्ड्स में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने दोनों पारियों में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को दबाव में रखा।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# एकता कपूर ने 'नागिन 7' के सफर को कहा अलविदा, अभिनेत्री ने की प्रियंका की तारीफ

**सुपरनैचुरल शो 'नागिन' के सातवें सीजन के समाप्त होने के बाद प्रियंका चाहर चौधरी ने शो को अलविदा कहते हुए एक भावुक संदेश साझा किया। इस अवसर पर उन्हें टीवी जगत की 'जारिना' कही जाने वाली एकता कपूर से खूब सराहना मिली। एकता ने कहा कि वह प्रियंका के साथ फिर से काम करने का बेसब्री से इंतज़ार कर रही हैं।**



इस सफर को ÷अविस्मरणीय यात्रा÷ करार देते हुए प्रियंका ने सबसे पहले इंस्टाग्राम पर शूटिंग के आखिरी दिन की एक झलक साझा की और लिखा, ÷और इसी के साथ, आज रात एक अविस्मरणीय यात्रा का अंत हो रहा है... नागिन 7। अभिनेत्री ने कहा कि इस शो ने उन्हें केवल यादें ही नहीं, बल्कि उससे कहीं अधिक दिया है। उन्होंने लिखा, ÷इस शो ने मुझे सिर्फ यादों से कहीं ज्यादा दिया है- इसने मुझे खूबसूरत लोग, जीवनभर के रिश्ते और मेरे शिवजी के साथ और भी गहरा जुड़ाव दिया। महादेव से इतनी गहराई से जुड़ी कहानी का हिस्सा बनने से मेरा विश्वास और मजबूत हुआ है, और मैं हर दिन अपने जीवन में उनके प्रेम और उपस्थिति को महसूस करती हूं। यह रिश्ता हमेशा के लिए है और अटूट है।

उन्होंने उन पर भरोसा करने और यह शानदार अवसर देने के लिए एकता कपूर का धन्यवाद किया। प्रियंका ने आगे कहा, ÷मैं हमेशा आभारी रहूंगी। इस अद्भुत यात्रा को जीने का मंच देने के लिए कलर्स टीवी और बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का दिल से धन्यवाद। मेरे सह कलाकारों, हमारी शानदार टीम और पर्दे के पीछे काम करने वाले सभी लोगों का शुक्रिया, जिन्होंने इस सफर को इतना खास बनाया।÷

### हमेशा बनी रहेंगी यादें

उन्होंने लिखा, और दर्शकों, आपके असीम प्यार और नागिन 7 को शुरुआत से लेकर अंत तक नंबर-1 शो बनाने के लिए धन्यवाद। यह प्यार मेरे लिए सब कुछ है। शो समाप्त हो सकता है, लेकिन इसकी यादें हमेशा बनी रहेंगी... और एक बात निश्चित है- नागिन की विरासत हमेशा जारी रहेगी। हमेशा आभारी। हमेशा धन्य। हर हर महादेव। प्रियंका चाहर चौधरी की इस पोस्ट पर एकता कपूर की नजर पड़ी, जिन्होंने उनकी जमकर प्रशंसा की। एकता कपूर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, सबसे खूबसूरत नागिन के लिए, तुम्हारे साथ काम करना बेहद सुखद अनुभव रहा। तुम मेहनती, खूबसूरत, आकर्षक और बहुत सहयोगी हो। भविष्य में फिर से तुम्हारे साथ काम करने का इंतजार रहेगा। ढेर सारा प्यार प्रियंका, तुम्हें दोबारा हमारे सेट पर देखने का इंतजार है।


# मिथुन चक्रवर्ती की बेटी दिशानी की हुई सगाई, 6 दिसंबर को होगी शादी

मुंबई । मशहूर एक्टर और नेता मिथुन चक्रवर्ती की बेटी दिशानी चक्रवर्ती की सगाई उनके बॉयफ्रेंड माइल्स मैंटजारिस से हो गई है और वे 6 दिसंबर 2026 को शादी करेंगी। इंस्टाग्राम बायो के अनुसार, माइल्स एक स्टेडीकैम ऑपरेटर और कलरलिस्ट हैं। दिशानी ने एक जॉइंट पोस्ट में प्रपोजल के समय की कई तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में माइल्स घुटनों के बल बैठकर दिशानी को प्रपोज करते हुए दिख रहे हैं।

एक और तस्वीर में डिस्को डांसर स्टार की बेटी अपनी उंगली में बड़ी सी अंगूठी दिखाती हुई नजर आईं। आखिरी तस्वीर में कपल एक-दूसरे को प्यार से किस करते हुए दिख रहा है। कैप्शन में दिशानी ने लिखा- 6.12.2026 ज हमेशा साथ रहने का सबसे आसान फैसला, जो मैंने कभी लिया है। इस पोस्ट को एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने भी लाइक किया है।

### मिथुन की गोद ली हुई बेटी हैं दिशानी

दिशानी मिथुन की गोद ली हुई बेटी हैं। मिथुन की शादी एक्ट्रेस योगिता बाली से हुई है। उनकी पहली शादी 1979 में एक्ट्रेस हेलेना ल्यूक से हुई थी। चार महीने बाद दोनों अलग हो गए और तलाक के लिए अर्जी दी थी। मिथुन और योगिता ने 1979 में शादी की। उनके चार बच्चे हैं, मिमोह, उष्मे, नमाशी और गोद ली हुई बेटी दिशानी। मिथुन



चक्रवर्ती का करियर पांच दशकों से ज़्यादा लंबा रहा है और उन्होंने 350 फिल्में की हैं। महागुरु के नाम से मशहूर मिथुन राज्यसभा के पूर्व सांसद भी रह चुके हैं। उन्होंने 1976 में मृणाल सेन की आर्ट-हाउस फिल्म मृगया से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा और इसके लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का अपना पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। मिथुन को 1982 की फिल्म डिस्को डांसर के अलावा अग्निपथ, पति पत्नी और तवायफ, गुनाहों का देवता, रोटी की कीमत, त्रिनेत्र, शतरंज, ताड़ीपार, जंग, कालिया, दादागिरी, गुरु से और भी अधिक शोहरत मिली।



**मेट्रो बाजार**

# भारत में यात्री वाहनों की बिक्री मई में 27 प्रतिशत बढ़ी, दोपहिया की सेल्स 19 लाख यूनिट्स के पार


**नई दिल्ली ।** भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री ने बीते महीने मजबूत प्रदर्शन किया और बिक्री किसी भी वर्ष के मई में महीने में अब तक के सबसे उच्चतम स्तर पर रही है। इसकी वजह यात्री वाहनों, दोपहिया वाहनों और तिपहिया वाहनों की मजबूत मांग है। यह जानकारी सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स की ओर से सोमवार को दी गई। मई 2026 में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 27.3 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 4,38,854 यूनिट हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह आंकड़ा 3,44,656 यूनिट था। दोपहिया सेगमेंट में भी अच्छी बढ़ोतरी देखी गई, जहां बिक्री 14.8 प्रतिशत बढ़कर 19,02,209 यूनिट हो गई, वहीं तिपहिया वाहनों की बिक्री 31.1 प्रतिशत बढ़कर 70,720 यूनिट तक पहुंच गई। सियाम के डायरेक्टर जनरल राजेश मेनन ने कहा कि मई के महीने में तीनों मुख्य वाहन कैटेगरी में अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज की गई। उन्होंने इस बढ़ोतरी का श्रेय आंशिक रूप से मई 2025 के कम बेस और जीएसटी दरों में कमी व आसान फाइनेंसिंग विकल्पों से बढ़ी मांग को दिया। उन्होंने बताया, ÷ये कारक सभी कैटेगरी में वाहनों की ज्यादा बिक्री को बढ़ावा दे रहे हैं।÷ थोक बिक्री के ये मजबूत आंकड़े रिटेल बिक्री के शानदार प्रदर्शन के कारण आए हैं। इससे पहले, फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने बताया था कि मई में पैसेंजर वाहनों की रिटेल बिक्री पहली बार 4 लाख के आंकड़े को पार कर गई, जो सालाना आधार पर 23.25 प्रतिशत बढ़कर 4,02,591 यूनिट हो गई।

# मई में भारत के निर्यात का नया रिकॉर्ड: 4.3 लाख करोड़ के पार पहुंचा आंकड़ा, सोने ने बढ़ाई चमक

**नई दिल्ली।** भारत का व्यापार जगत इस समय तेजी से आगे बढ़ रहा है। मई के महीने में देश के व्यापार में बड़ी बढ़त देखी गई है। सरकार ने इसके नए आंकड़े जारी कर दिए हैं। आंकड़ों के मुताबिक मई में भारत का सामान का निर्यात 18 फीसदी बढ़ गया है। अब यह बढ़कर 45.2 अरब डॉलर यानी 4,30,197.81 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। दुनिया भर में भारतीय सामान की मांग बढ़ रही है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने इस पर खुशी जताई है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि यह पूरा साल निर्यात के लिए बहुत अच्छा रहेगा। इस बार पेट्रोलियम सेक्टर ने बहुत शानदार काम किया है। मई 2026 में पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात बहुत ज्यादा बढ़ा है। इसमें 54.89 फीसदी की भारी तेजी आई है। इसके साथ ही यह निर्यात 8.42 अरब डॉलर (80,138.62 करोड़ रुपये) का हो गया है। इसने देश के कुल निर्यात को बढ़ाने में बड़ी मदद की है। हालांकि पश्चिम एशिया के बाजार से थोड़ी निराशा मिली है। मई में पश्चिम एशिया को भारत का निर्यात 5.30 अरब डॉलर रहा। पिछले साल मई 2025 में यह आंकड़ा 5.38 अरब डॉलर था। इस बार वहां मामूली गिरावट आई है।

### आयात और व्यापार घाटे का हाल

निर्यात के साथ-साथ देश का आयात भी बढ़ा है। मई में भारत का आयात 20.62 फीसदी बढ़ गया है। भारत ने कुल 73.41 अरब डॉलर ( करीब 6,98,690.74 करोड़ रुपये) का सामान बाहर से मंगाया है। आयात ज्यादा होने से देश का व्यापार घाटा भी बढ़ गया है। मई में यह घाटा 28.21 अरब डॉलर (2,68,492.93 करोड़ रुपये) रहा है। इस आयात को बढ़ाने में सोने की बड़ी भूमिका रही है। लोग जमकर सोना खरीद रहे हैं। अप्रैल और मई के महीने में सोने का आयात 60 फीसदी बढ़ गया है। इन दो महीनों में कुल 9.04 अरब डॉलर (86,039.56 करोड़ रुपये) का सोना भारत आया है। अब बात करते हैं अप्रैल और मई के कुल व्यापार की। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में प्रदर्शन अच्छा रहा है। इस दौरान भारत का कुल निर्यात 88.91 अरब डॉलर रहा। यह पिछले साल के मुकाबले 16.09 फीसदी ज्यादा है।



## बादलों की गोद में शिमला, हर मोड़ पर बिखरी प्रकृति की अनुपम छटा

**शिमला।** ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों की ढलानों पर सजी रंग-बिरंगी इमारतें, हरियाली से घिरी घाटियां और दूर तक बलखाती सड़कें शिमला की प्राकृतिक सुंदरता को जीवंत बना रही हैं। यह मनमोहक दृश्य हिमाचल प्रदेश की उस अनोखी पहचान को दर्शाता है, जहां आधुनिक जीवन और प्रकृति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। सुबह की हल्की धूप और पहाड़ों पर पसरी धुंध पूरे वातावरण को और भी आकर्षक बना देती है। हर वर्ष लाखों पर्यटक शिमला की वादियों, सुहावने मौसम और शांत माहौल का आनंद लेने पहुंचते हैं।

## न्यूज विंडो

### उज्जैन में 3 साल की बच्ची पर डॉग का अटैक, चेहरे पर 55 टांके आए

**उज्जैन।** जिले की महिदपुर तहसील के ग्राम देलवाड़ी में घर के बाहर खेल रही एक तीन वर्षीय मासूम बच्ची पर आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। हमले में बच्ची का चेहरा बुरी तरह जख्मी हो गया। गंभीर हालत में परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए आगर मालवा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों की टीम ने बच्ची का उपचार शुरू कर दिया। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक बच्ची के चेहरे पर कई गहरे घाव थे और लगातार खून बह रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तीन डॉक्टरों की टीम ने मिलकर उसका उपचार किया। सर्जिकल प्रक्रिया के दौरान बच्ची के चेहरे पर करीब 55 टांके लगाने पड़े। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए इंदौर रेफर कर दिया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है।

### गजरात : इतिहास में पहली बार 23 जून से बंद होगा गिर अभयारण्य



**गांधीनगर।** गुजरात के गिर अभयारण्य को बंद करने की तारीख में बदलाव किया गया है। बारिश में देरी और मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार और वन विभाग ने निर्णय लिया है। अब गिर अभयारण्य 15 जून के बजाय 23 जून को पर्यटकों के लिए बंद होगा। इससे पर्यटकों को गिर सफारी का आनंद लेने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। मानसून सीजन के दौरान वन्यजीवों के संरक्षण और संवर्धन को ध्यान में रखते हुए हर साल गिर अभयारण्य को पर्यटकों के लिए बंद रखा जाता है। इस वर्ष बारिश में देरी होने के कारण वन विभाग ने बंदी की तारीख को आगे बढ़ाने का फैसला किया है।

### रूस का बॉम्बर प्लेन क्रैश, साइबेरिया के जंगलों में जा गिरा विमान



**मॉस्को।** अमेरिका के बाद अब रूस का लंबी दूरी का सुपरसोनिक बॉम्बर विमान क्रैश हो गया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि साइबेरिया के इरकुत्स्क क्षेत्र में एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक विमान रणनीतिक बॉम्बर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। समय रहते विमान के पायलट समेत 4 सदस्यीय चालक दल सुरक्षित रूप से बाहर निकल आए। रूस के बॉम्बर विमान क्रैश में किसी की जान नहीं गई। सीरिया और यूक्रेन युद्ध में हुआ इस्तेमाल टीयू-डब्ल्यूडब्ल्यू, जो हाइपरसोनिक 'किंझल' मिसाइलों को ले जाने में सक्षम था। इसे नाटो द्वारा 'बैकफायर' कोड नाम दिया गया था।

### पश्चिम बंगाल में नई राजनीति शुरू : खेमा बदलने का दौर जारी है

# गुमनाम पार्टी के बैनर तले आए टीएमसी के बागी सांसद, काकोली को चुना नेता

**कोलकाता/नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में नई राजनीति का दौड़ शुरू हो गया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी सांसदों ने दलबदल विरोधी कानून के तहत अपनी सांसदी गंवाने से बचने के लिए एक अनोखा और बड़ा रास्ता निकाला है। इन बागी सांसदों ने एक छोटी और गुमनाम सी राजनीतिक पार्टी 'नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया' (एनसीपीआई) का न सिर्फ दामन थाम लिया है, बल्कि पूरी पार्टी पर ही कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं ममता बनर्जी की पुरानी और बेहद करीबी रहीं काकोली घोष दस्तीदार को इस नई पार्टी (एनसीपीआई) का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है।

बता दें कि काकोली घोष ही लोकसभा में ममता बनर्जी के खिलाफ हुए इस विद्रोह का मुख्य चेहरा हैं। देखा जाए तो पश्चिम बंगाल की राजनीति का इस नए अध्याय का पूरा खेल बहुत ही सोची-समझी रणनीति के तहत खेला गया है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि सीक्रेट डील के तहत 30 मई को काकोली घोष दस्तीदार को एनसीपीआई का अध्यक्ष चुना गया।

इससे ठीक दो दिन पहले, पार्टी की पुरानी अध्यक्ष शेवली कुंडू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। यह सब आपसी सहमति से इस छोटी पार्टी को बागियों के हवाले करने के लिए किया गया।



#### 28 में से 20 सांसदों का समर्थन

इससे पहले टीएमसी के कुल 28 लोकसभा सांसदों में से 20 बागी सांसद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिले। उन्होंने स्पीकर को जानकारी दी कि उनके पास दो-तिहाई से ज्यादा सांसदों का बहुमत है, इसलिए वे टीएमसी छोड़कर एनसीपीआई में शामिल हो रहे हैं, ताकि उनकी सदस्यता रद्द न हो।देखा जाए तो भाजपा ने अभी तक इस पूरे मामले में कोई कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक इस पूरी रणनीति के पीछे भाजपा का ही हाथ है। ऐसा अनुमान इसलिए लगाया जा रहा है, क्योंकि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और वरिष्ठ सांसद निशिकांत दुबे लगातार इन बागी सांसदों के संपर्क में थे। इसके अलावा गौर करने वाली बात यह भी है कि सभी बागी सांसदों की कई महत्वपूर्ण बैठकें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के घर पर ही हुईं।

### डीएमके का कांग्रेस पर हमला, कहा- राहुल गांधी एक बड़ा मजाक हैं

**चेन्नई।** देशभर में जारी सियासी गर्माहट के बीच विपक्षी गठबंधन (इंडी गठबंधन) के भीतर दरारें अब खुलकर सामने आ गई हैं।



तमिलनाडु में सत्ता से बाहर हुई द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने अपने पूर्व सहयोगी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है। डीएमके ने राहुल गांधी को एक बड़ा मजाक बताते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने ही विपक्षी एकता को कमजोर किया है। डीएमके ने यह दोतरफा हमला अपनी आईटी विंग और अपने आधिकारिक अखबार 'मुरासोली' के जरिए किया है। डीएमके की आईटी विंग ने सोशल मीडिया पर बेहद कड़े शब्दों में लिखा कि जब कांग्रेस अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए लड़ रही थी, तब हमने उन्हें अपने कंधों पर उठाया, लेकिन जैसे ही उन्हें एक नया और चमकदार खिलौना (नया साथी) दिखा, उन्होंने तुरंत पाला बदल लिया। राहुल गांधी एक बहुत बड़ा मजाक हैं।

### राम मंदिर पहुंची एसआईटी

## 8 घंटे में 43 लोगों से की पूछताछ सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले

**अयोध्या, एजेंसी**

राम मंदिर के दान पात्र में हुई कथित चोरी की जांच के लिए गठित एसआईटी टीम अयोध्या पहुंची। राम जन्म भूमि परिसर में 11 बजे रात तक एसआईटी की टीम मौजूद रही। करीब 8 घंटे तक राम जन्म भूमि परिसर में जांच चली और परिसर में ही 43 लोगों से पूछताछ की गई है। इसमें ट्रस्ट के पदाधिकारी समेत दान पात्र के काउंटिंग के लिए नियुक्त एसबीआई बैंक के कर्मचारी भी शामिल थे। इन सभी लोगों से अलग-अलग पूछताछ की गई। इस दौरान राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के साथ विशेष आमंत्रित सदस्य गोपाल राव और राम मंदिर ट्रस्ट के पदेन सदस्य जिलाधिकारी अयोध्या भी मौजूद रहे।



#### बैंक अकाउंट की भी जांच की

राम जन्म भूमि में रखे गए अलग-अलग दानपात्रों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। कई पत्रावलियों की भी जांच हुई. बैंकों में जमा की गई धनराशि को भी एसआईटी की टीम ने खंगाला। जांच समिति रात को अयोध्या में ही रुक गई। रामनगरी सरयू अतिथि गृह में समिति के लोगों ने रात्रि प्रवास किया।

### SC की बैंकों पर टिप्पणी- बड़े कर्जदारों पर मेहरबान, आम लोगों का उत्पीड़न

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई समेत अन्य बैंकों की कार्यप्रणाली पर बेहद तीखी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि बैंक आम जनता को छोटा लोन देने के नाम पर उनका 'उत्पीड़न' करते हैं, जबकि बड़े-बड़े उद्योगपतियों और कंपनियों को बिना सोचे-समझे करोड़ों-अरबों का लोन बांट देते हैं, जो बाद में डूब जाता है। मामले में सुनवाई के दौरान न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायाधीश आर महादेवन की बेंच ने कहा कि बैंकिंग सेक्टर में एक बहुत ही चिंताजनक ट्रेंड देखने को मिल रहा है। आम आदमी को अपनी निजी जरूरतों के लिए छोटा लोन लेने में नाक चने चबाने पड़ते हैं, जबकि बड़े लोन बिना किसी सही जांच-पड़ताल के पास कर दिए जाते हैं।

## आगरा: एमजी रोड पर बीच सड़क बनी मजार की शिफ्टिंग शुरू, भारी पुलिस बल तैनात

**आगरा, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के मुख्य मार्ग महात्मा गांधी रोड (एमजी रोड) पर सेंट जॉन्स कॉलेज के सामने बीच सड़क पर बनी मजार को हटाने की कार्रवाई आज शुरू कर दी गई है। लंबे समय से कानूनी और सामाजिक विवादों के केंद्र में रही इस मजार को हटाए जाने के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद हैं। एहतियात के तौर पर एमजी रोड के संबंधित रास्ते को आम जनता के लिए पूरी तरह से रोक दिया गया है और यातायात को डायवर्ट किया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई किसी जबरन ध्वस्तीकरण



का हिस्सा नहीं है, बल्कि मुस्लिम पक्ष के साथ मैराथन बातचीत और आपसी सहमति के बाद मजार को स्थानांतरित किया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि मजार को पूरी गरिमा और धार्मिक रीति-रिवाजों का ध्यान रखते हुए सड़क के ठीक सामने स्थित मुख्य दरगाह परिसर के अंदर ही शिफ्ट किया जा रहा है।

### प्रयागराज में ट्रिपल मर्डर

## एक ही परिवार के तीन बुजुर्गों को पहले दौड़ाया, धारदार हथियार से काट डाला

**प्रयागराज, एजेंसी**

यूपी के प्रयागराज जिले में एक बार फिर सामूहिक हत्याकांड की घटना ने सनसनी फैला दी है। यमुनानगर के मेजा थाना इलाके के कुकुरकटवा गांव में एक ही परिवार के तीन बुजुर्ग सदस्यों की देर रात नृशंस हत्या कर दी गई।

मंगलवार सुबह जब घटना का पता चला तो ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और मातम पसर गया। जानकारी के अनुसार, यह वारदात सोमवार देर



रात करीब 1 बजकर 30 मिनट के आसपास हुई। मृतकों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं, जो एक ही परिवार के थे। प्रथम दृष्टया, बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला किया और फिर पीट-पीट कर हत्या की।

घटनास्थल की स्थिति से पता चला कि पीड़ितों को दौड़ा-दौड़ा कर मारा गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तीनों बुजुर्गों की सोते वक्त हत्या की गई। मृतकों की पहचान अमरावती देवी पत्नी नींबूलाल (65), इंद्रावती देवी पत्नी दूधनाथ (62) और श्याम लाल पुत्र गुलजार (65) के रूप में हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि तीनों के शव उनके घर से लगभग 20 मीटर की दूरी पर मिले हैं।

**मेट्रो एंकर** रेल मंत्री का ऐलान– 15 जुलाई तक बदलेगा टिकट बुकिंग का पूरा सिस्टम

# छात्रा के सुझाव पर सुधरेगी IRCTC वेबसाइट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रेलवे के डिजिटल प्लेटफॉर्म में जल्द ही एक बहुत बड़ा और क्रांतिकारी बदलाव होने जा रहा है, जिससे लॉगिन और तत्काल बुकिंग जैसी तमाम तकनीकी खामियां हमेशा के लिए दूर हो जाएंगी। केंद्रीय दरेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आधिकारिक घोषणा की है कि आने वाली 15 जुलाई तक आईआरसीटीसी की पूरी वेबसाइट का कायाकल्प कर दिया जाएगा। करोड़ों रेल यात्रियों को राहत देने वाले इस ऐतिहासिक फैसले के पीछे जयपुर की रहने वाली एक होनहार छात्रा लाभिषा मीणा का बड़ा योगदान है। दरअसल, यह पूरी कहानी हाल ही में जयपुर स्थित मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में शुरू हुई, जहां रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और छात्रों के बीच एक सीधा संवाद कार्यक्रम




आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के दौरान इंजीनियरिंग की छात्रा लाभिषा मीणा ने बेहद बेबाकी से रेल मंत्री के सामने आईआरसीटीसी वेबसाइट पर टिकट बुकिंग के दौरान आने वाली जमीनी परेशानियों को रखा। छात्रा लाभिषा मीणा ने रेल मंत्री को विस्तार से समझाया कि वेबसाइट की अत्यधिक धीमी गति और बार-बार आने वाले बेहद जटिल कैप्चा के कारण आम यात्रियों को कितनी मानसिक और व्यावहारिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

#### रेल मंत्री ने लिया एक्शन

छात्रा की तार्किक शिकायत को सुनते ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिना देर किए तुरंत कड़ा संज्ञान लिया। उन्होंने मौके पर ही रेलवे के आला अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले 30 दिनों के भीतर आईआरसीटीसी के पूरे डिजिटल प्लेटफॉर्म को सुधारा जाए और इसे बेहद आधुनिक बनाया जाए। रेल मंत्री के इस निर्देश के बाद पूरा रेलवे प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। हैरानी की बात तो यह रही कि अगले ही दिन रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने खुद छात्रा लाभिषा मीणा के साथ एक विशेष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की।

#### 'यूजर फ्रेंडली' होगी नई वेबसाइट

रेलवे मंत्रालय के अनुसार, 15 जुलाई को लॉन्च होने वाली इस नई और आधुनिक वेबसाइट का मुख्य उद्देश्य टिकट बुकिंग की पूरी प्रक्रिया को पहले से कहीं अधिक तेज, सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाना है। सबसे बड़ा बदलाव इसके यूजर इंटरफ़ेस में किया जा रहा है, जिसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि एक आम नागरिक भी आसानी से समझ सके। इसके अलावा वेबसाइट की कुल प्रतिक्रिया क्षमता को कई गुना बढ़ाया जा रहा है, जिससे तत्काल बुकिंग के समय सर्वर पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा और करोड़ों यात्रियों को बिना किसी रुकावट के कंफर्म टिकट मिल सकेगी।

### अभिषेक बनर्जी से ईडी की पूछताछ पर रवि किशन बोले-

## 'ये मोदी सरकार है, लूट मचाने वाला कोई भी बचेगा नहीं'

**लखनऊ, एजेंसी**

प. बंगाल के कथित शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के महासचिव अभिषेक बनर्जी से आज भी लंबी पूछताछ जारी है। जांच के दौरान वित्तीय लेन-देन, अन्य आरोपियों के बयान और कथित अनियमितताओं से जुड़े कई पहलुओं पर पूछताछ की गई। वहीं, इस पूरे मामले पर भाजपा सांसद रवि किशन ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां बिना किसी ठोस आधार के पूछताछ नहीं करतीं और इस तरह की कार्रवाई किसी न किसी सबूत पर आधारित



होती है। रवि किशन ने कहा कि पिछले वर्षों में कथित रूप से बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं और अब जांच एजेंसियां सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह 'नया भारत' है, जहां यदि कोई जनता के पैसे से जुड़ी गड़बड़ी करता है तो उसे जवाबदेह होना पड़ेगा और लूट मचाने वाला कोई भी बचेगा नहीं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564